


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03 : अंक : 289 | ग्वालियर, रविवार 22 नवम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### मानहानि मामला : कोर्ट ने पूछा कि क्या अकबर और रमानी के बीच समझौते की कोई गुंजाइश है?



**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एमजे अकबर पत्रकार प्रिया रमानी के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत के सिलसिले में शनिवार को अदालत ने दोनों पक्षों से पूछा कि क्या उनके बीच समझौते की कोई गुंजाइश है। रमानी ने आरोप लगाया था कि अकबर ने बीस वर्ष पहले पत्रकार रहने के दौरान उनके साथ यौन उत्पीड़न किया था, जिसके बाद अकबर ने रमानी के खिलाफ कथित मानहानि की शिकायत दर्ज करवाई थी। मीटू अभियान के दौरान 2018 में अकबर पर लगाए आरोपों के बारे में रमानी ने कहा था कि ये उनकी सच्चाई है और इन्हें लोकहित में वह सामने लाई हैं। राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट रवींन्द्र कुमार पांडेय की अदालत ने शनिवार को मामले में नए सिरे से अंतिम दलीलें सुननी शुरू कीं और यह सवाल पूछा। दरअसल उनके पहले जो न्यायाधीश इस मामले में सुनवाई कर रहे थे उनका बुधवार को दूसरी अदालत में तबादला हो गया, इसलिए पांडेय मामले में नए सिरे से अंतिम दलीलें सुन रहे हैं। अकबर की तरफ से पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता गीता लूथरा ने कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर फैसला लेने से पहले अपने मुवक्किल से बात करने के लिए समय चाहिए। रमानी की ओर से वकील भावुक चौहान ने कहा कि किसी तरह की सुलह की बहुत कम गुंजाइश है क्योंकि मामले के तथ्य अजीब हैं। अदालत ने दोनों पक्षों से समझौते के बिंदु पर जवाब देने के लिए 24 नवंबर को सुनवाई की अगली तारीख पर पेश होने को कहा। इससे पहले न्यायाधीश एसीएमएम विशाल पाहूजा ने इस साल सात फरवरी को मामले में अंतिम दलीलों पर सुनवाई शुरू की थी। अकबर ने 15 अक्टूबर, 2018 को रमानी के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दायर की थी। उन्होंने 17 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। अकबर ने पहले अदालत में कहा था कि रमानी ने उनके लिए मीडिया का सबसे बड़ा शिकारी जैसे विशेषणों का इस्तेमाल करके उनकी मानहानि की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। अकबर ने अपने खिलाफ चलाए गए मीटू अभियान के दौरान कुछ महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों को खारिज किया है।

### सीएम भूपेश बघेल बोले- कई बीजेपी नेताओं के परिजनों ने दूसरे धर्म में की शादी, क्या यह भी लव जिहाद?

**रायपुर।** इन दिनों लव जिहाद का मुद्दा एक बार फिर से सुर्खियों में है। उत्तर प्रदेश के बाद अब कई बीजेपी शासित राज्यों ने कहा है कि वे भी लव जिहाद के लिए कानून बनाएंगे। अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान आया है। उन्होंने कहा है, भाजपा के कई नेताओं के परिवारवालों ने दूसरे धर्म में शादी की है। मैं उन भाजपा नेताओं से पूछना चाहता हूं कि क्या ये शादियां भी लव जिहाद की परिभाषा के अंतर्गत आएंगी?÷ लव जिहाद पर कानून बनाने की मांग तेज होती जा रही है। अभी केन्द्र सरकार ने तो इस मामले में कुछ नहीं कहा है पर भाजपा शासित राज्यों में इसकी शुरुआत हो चुकी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक हो या गुजरात सब इस पर कानून बनाने के लिए मसौद तैयार करने में लग गए हैं। वहीं कांग्रेस शासित राज्य अन्य राज्यों द्वारा इस तरह का कानून लाने का विरोध कर रहे हैं। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के गृह विभाग ने लव जिहाद के खिलाफ प्रस्तावित कानून का मसौदा तैयार कर लिया है। यह मसौदा परीक्षण के लिए विधायी विभाग को भेज दिया गया है। इसे संभवत॰ अगली कैबिनेट बैठक में पेश किया जा सकता है। विभाग ने कानून का जो मसौदा तैयार किया है उसमें 'लव जिहाद' शब्द का जिक्र नहीं है। इसे गैर कानूनी धर्मांतरण निरोधक बिल कहा जा रहा है। राजनीतिक चर्चाओं में लव जिहाद कहे जाने वाले मामले को ही गैर कानूनी धर्मांतरण माना जाएगा और ऐसे मामले में दोषी पाए जाने पर 5 से 10 साल की सजा का प्रावधान किया जा सकता है। मध्य प्रदेश सरकार ने अपने प्रस्तावित बिल में पांच साल की सजा का प्रावधान किया है। देश के अन्य राज्य भी इस तरह का कानून बनाने की तैयारी है। आम बोलचाल में लव जिहाद कहे जाने वाले मामलों में बहला-फुसलाकर, झूठ बोलकर या जबरन धर्मांतरण कराते हुए अंतर धार्मिक विवाह किए जाने की घटनाओं को शामिल किया जाता है। प्रस्तावित कानून सभी धर्मों के लोगों पर समान रूप से लागू होगा।

### अमित शाह ने तमिलनाडु में रखी कई परियोजनाओं की आधारशिला

# कृषि बिल और कांग्रेस पर क्या बोले गृहमंत्री ?

**तमिलनाडु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज तमिलनाडु के चेन्नई शहर की पेयजल आपूर्ति को पूरा करने के लिए 380 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुए पांचवें जलाशय को शहर को समर्पित किया और राज्यभर में 67,000 करोड़ रुपये से अधिक के कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। शाह ने जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखीं उनमें 61,843 करोड़ रुपये की लागत वाले चेन्नई मेट्रो रेल का दूसरा चरण, कोयम्बटूर में एलिवेटेड राजमार्ग जिसकी अनुमानित लागत 1,620 करोड़ रुपये है, करूर जिले में कावेरी नदी के पार एक बैराज और यहां 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की आईओसीएल की परियोजनाएं शामिल हैं।

आधारशिला रखने के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि तमिलनाडु के 1.42 करोड़ परिवार हैं, जो गांव में रहते हैं। उनमें से सिर्फ 15त्न के पास ही अपने घर में पीने के पानी का कनेक्शन था। अब प्रधानमंत्री मोदी एक नई योजना लेकर आए हैं कि 2024 तक हर घर में पीने के पानी का कनेक्शन देना है। इसके अलावा तमिलनाडु सरकार ने 2024 तक 100प्रतिशत



परिवारों तक पीने का पानी पहुंचाने की योजना बनाई है। अब तक 9 लाख परिवारों तक पीने के पानी का कनेक्शन पहुंचाया भी जा चुका है। कोरोना पर बात करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि दूसरे देशों में कोरोना के खिलाफ सरकारी मशीनरी लड़ती थी। लेकिन भारत में केंद्र सरकार, राज्य सरकार और देश की 130 करोड़ जनता कोरोना के खिलाफ एकजुट होकर लड़ती रही। इसके अलावा अमित शाह ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। विपक्ष पर सवाल खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं आज कांग्रेस और डीएमके के नेताओं से कहता हूं कि 10 साल तक आपकी केंद्र में सरकार थी, तब आपने राज्य के लिए क्या-क्या किया? इसका हिसाब लेकर आ जाइए। हम आपको जवाब देने के लिए तैयार हैं कि हमने तमिलनाडु की ज्यादा मदद की है या आपने। कृषि कानून की बात करते हुए भी गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी देशभर के किसानों को उनकी उपज देश में कहीं पर भी बेचने की आजादी देने के लिए कई रिफॉर्म लाए हैं। तमिलनाडु ने इन रिफॉर्म का समर्थन किया है। तमिलनाडु के किसानों को भी इन रिफॉर्म का बहुत लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर के किसानों को उनकी उपज देश में कहीं पर भी बेचने की आजादी देने के लिए कई रिफॉर्म लाए हैं। तमिलनाडु ने इन रिफॉर्म का समर्थन किया है। तमिलनाडु के किसानों को भी इन रिफॉर्म का बहुत लाभ मिलेगा। शाह ने तिरुवल्लूर जिले में थेरवईकांडिगाइ जलाशय को समर्पित किया और यहां कालीवनार आरंगम से इन परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी और उपमुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम भी मौजूद थे।

### बिहार फतह करने के बाद अब दक्षिण पर नजर?

## चेन्नई में समर्थकों के लिए सड़क पर पैदल चले अमित शाह

चेन्नई। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अगले चार-पांच महीनों के दौरान होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पूर्व राज्य के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को चेन्नई पहुंचे। हाल में संपन्न बिहार के चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सफलता में अमित शाह की रणनीति को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी सफलता को तमिलनाडु में दोहराने की मंशा से बीजेपी शाह के दौरे को मजबूत आधार प्रदान करने तथा चुनाव में अपनी छाप छोड़ने के लिए काफी अहम मान रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को चेन्नई में अपने समर्थकों का अभिवादन करने के लिए प्रोटोकॉल को तोड़ दिया। वे वाहन से बाहर निकले और हवाई अड्डे के बाहर व्यस्त जीएसटी रोड पर पैदल चलने लगे। उन्होंने महानगर के लोगों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनके लिए तमिलनाडु में होना बड़ी बात है। अमित शाह के चेन्नई पहुंचने पर राज्य के मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक के सह संयोजक ई के पलानीस्वामी, उप मुख्यमंत्री एवं अन्नाद्रमुक के संयोजक ओ पन्नीरसेल्वम एवं वरिष्ठ मंत्रियों के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एल मुरुगन, पार्टी के वरिष्ठ नेता एल गणेशन और पार्टी के प्रभारी सी टी रवि ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। राज्य के मुख्य सचिव के शंमुगम, पुलिस महानिदेशक जे के त्रिपाठी, चेन्नई के पुलिस आयुक्त महेश कुमार अग्रवाल तथा अन्य अधिकारी भी शाह की इस दौरान मौजूद थे। शाह का हवाईअड्डा से लेकर सड़क के दोनों किनारों पर मौजूद अन्नाद्रमुक एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इससे अभीभूत हो अमित शाह उनके अभिवादन को स्वाकार करने के लिए अपने वाहन से उतर कर काफी दूर तक पैदल भी चले। मुरुगन के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अमित शाह का राज्य में पहला दौरा है। अमित शाह का हवाई अड्डा से लेकर होटल, जहां उन्हें रुकना है, तक के मार्ग में उनके स्वागत का विशेष इंतजाम किया गया था।

### कोरोना महामारी पर काबू पाने को गुजरात में लगा कर्फ्यू तो राजस्थान में धारा-144 लागू

**नई दिल्ली।** कोरोना की तीसरी लहर के कहर से देशभर में हाहाकार मचा हुचा है। तेजी से बढ़ते आंकड़ों और मौत के ग्राफ को देखते हुए इस महामारी पर काबू पाने के लिए गुजरात में जहां एक बार फिर से कर्फ्यू लगाना पड़ा है, वहीं मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में भी सख्ती बढ़ गई है।

**गुजरात में लगा 57 घंटे का कर्फ्यू-** गुजरात के अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट में शुक्रवार रात 9 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक लगातार 57 घंटे तक कर्फ्यू लगाने की गुजरात सरकार की घोषणा के बाद सभी जगह सन्नाटा पसरा हुआ है। कोरोना संक्रमण पर रोक के लिए गुरुवार रात अचानक सरकार की ओर से की गई इस घोषणा के बाद राज्य के सबसे बड़े शहर अहमदाबाद में शुक्रवार को दिनभर बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। बाजारों और सुपर मार्ट आदि में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हर जगह लोग रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खरीदते देखे गए। पुलिस को कुछ स्थानों पर भीड़ को नियंत्रित करना पड़ा।

## नगरोटा एनकाउंटर: भारत ने पाकिस्तान को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** भारत ने शनिवार को नई दिल्ली में पाकिस्तान के वरिष्ठतम राजनयिक को तलब किया और आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) द्वारा हाल ही में जम्मू-कश्मीर को लेकर रची गई साजिश के खिलाफ एक मजबूत विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान उच्चायोग में आफताब हसन खान को तलब किया और मांग की कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र से सक्रिय आतंकवादियों और आतंकी समूहों का समर्थन करने की नीति से दूर रहे और आतंकवादी संगठनों को हमले के लिए आतंकी संगठनों द्वारा संचालित बुनियादी ढांचे को ध्वस्त कर दे। गुरुवार की सुबह, नगरोटा के पास बान टोल प्लाजा पर आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें चार आतंकवादी मारे गए। इधर, दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारी को विदेश मंत्रालय ने नगरोटा की घटना पर समन किया है। ये आतंकी बड़ी साजिश को अंजाम देना चाहते थे। आफताब खान को बताया गया कि भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के लिए दृढ़ और संकल्पबद्ध है। इससे पहले, शुक्रवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा बलों ने चार आतंकवादियों की हत्या करके और बड़े पैमाने पर हथियारों और विस्फोटकों को जब्त करके आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद की



बड़ी विनाशकारी योजना को नाकाम कर दिया था।

बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने नगरोटा में एक बड़े आतंकी हमले को नाकाम कर दिया था और शुरुआती रिपोर्टों में संकेत दिया गया था कि हमलावर पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) के सदस्य थे। संयुक्त राष्ट्र और कई अन्य देशों ने इस आतंकवादी संगठन पर मुकदमा चलाया था। गुरुवार को सेना ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों को जब्त किया जिससे पता चलता है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में शांति भंग करने और अस्थिरता पैदा करने की कोई बड़ी योजना बनाई जा रही थी। बयान में कहा गया है, भारत सरकार ने भारत के खिलाफ जैश-ए-मोहम्मद द्वारा लगातार आतंकी हमलों को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की है। भारत की लंबे समय से चली आ रही मांग को दोहराया है। जिसमें भारत कहता रहा है कि पाकिस्तान अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों और द्विपक्षीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए अपने किसी भी क्षेत्र को भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए किसी भी तरीके से इस्तेमाल करने की अनुमति न दे। बयान में कहा गया है कि आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद पहले भी भारत में हुए कई हमलों का हिस्सा रहा है, जिसमें फरवरी 2019 में हुआ पुलवामा का आत्मघाती हमला भी शामिल है, इस हमले में भारत के अपने 40 सैनिक शहीद हो गए थे और दोनों पक्षों के बीच गतिरोध पैदा हो गया था। भारत ने इस हमले के बाद अपनी जवाबी कार्रवाई में बालाकोट में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों पर हवाई हमला किया था। शुक्रवार को, पाकिस्तान ने पीएम मोदी द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया था और उन्होंने कहा कि ये जम्मू-कश्मीर की स्थिति से अंतरराष्ट्रीय ध्यान हटाने के लिए भारत के झूठे प्रयासों÷ का हिस्सा थे। इस्लामाबाद में विदेशी कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में भारत पर पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद के राज्य-प्रायोजन में शामिल होने का आरोप लगाया गया।

### एमपी-यूपी के लव जिहाद पर कानून लाने पर महाराष्ट्र के मंत्री का तंज

**मुंबई।** मध्य प्रदेश और यूपी सरकार द्वारा लव जिहाद पर कानून लाने पर महाराष्ट्र के मंत्री असलम शेख ने कहा कि ये सारी बातें वहीं आएंगी जहां सरकारों की काम करने की कार्यशैली में कमी आई है। महाराष्ट्र सरकार अच्छे से काम कर रही है इसलिए हमें इस तरह की स्कीमें लाने की जरूरत नहीं है। लव जिहाद कहे जाने वाले मामले को ही उत्तर प्रदेश में गैर कानूनी धर्मांतरण माना जाएगा और ऐसे मामले में दोषी पाए जाने पर 5 से 10 साल की सजा का प्रावधान किया जा सकता है। मध्य प्रदेश सरकार ने अपने प्रस्तावित बिल में पांच साल की सजा का प्रावधान किया है। देश के अन्य राज्य भी इस तरह का कानून बनाने की तैयारी है। आम बोलचाल में लव जिहाद कहे जाने वाले मामलों में बहला-फुसलाकर, झूठ बोलकर या जबरन धर्मांतरण कराते हुए अंतर धार्मिक विवाह किए जाने की घटनाओं को शामिल किया जाता है।

### ड्रग्स मामला: कॉमेडियन भारती और उनके पति के घर से

## एनसीबी ने बरामद किया गांजा, जांच एजेंसी कर रही पूछताछ

**मुंबई।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को मुंबई में मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष के घर की तलाशी ली और कुछ मात्रा में गांजा बरामद किया। एनसीबी के अधिकारी ने पूछताछ के लिए समन किया, जिसके बाद शनिवार दोपहर भारती सिंह एनसीबी दफ्तर पहुंच गईं। एनसीबी के अधिकारी ने बताया कि यह तलाशी बॉलीवुड जगत में ड्रग्स के कथित उपयोग की एनसीबी द्वारा की जा रही जांच के तहत ली गई है। अधिकारी ने बताया कि एनसीबी के जोनल निदेशक समीर वानखेड़े के नेतृत्व में एक टीम ने विशेष जानकारी के आधार पर भारती सिंह के अंधेरी स्थित लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स स्थित आवास की तलाशी ली। उनके घर से थोड़ी मात्रा में ड्रग्स बरामद किया गया है। उन्होंने कहा, सिंह का नाम एक ड्रग कारोबारी से पूछताछ के दौरान सामने आया था। अधिकारी ने कहा कि एजेंसी महानगर



में दो अन्य स्थानों पर भी तलाशी ले रही है। भारती सिंह टीवी पर कई कॉमेडी और रियलिटी शो में दिखती रही हैं। एनसीबी जून में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड में ड्रग्स के कथित उपयोग की जांच कर रही है। इससे पहले एनसीबी ने अभिनेता अर्जुन रामपाल और फिल्म निर्माता फिरोज नाडियावाला के घर पर भी ड्रग्स की जांच के सिलसिले में इस महीने की शुरुआत में छापा मारा था।बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल से ड्रग्स केस के एक मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 13 नवंबर को को करीब 7 घंटे तक पूछताछ की थी। एनसीबी की पूछताछ के बाद रामपाल ने संवाददाताओं से कहा था कि मादक पदार्थ से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मेरे आवास पर जो दवाइयां मिली थी, उसकी पर्ची मेरे पास है और पर्ची को एनसीबी अधिकारियों को सुपुर्द किया जा रहा है।

**रामपाल के दोस्त को एनसीबी कर चुकी है गिरफ्तार-** अर्जुन रामपाल के विदेशी दोस्त पॉल बार्टल को 12 नवंबर को पूछताछ के बाद एनसीबी ने अगले दिन गिरफ्तार कर लिया था।

### पंजाब: सरकार से बातचीत की शर्त पर किसानों ने

## 15 दिनों के लिए रोका आंदोलन, फिर शुरू होंगी सेवाएं

> बता दें कि पंजाब में पिछले कई दिनों से केंद्र के कृषि बिल को लेकर किसान आंदोलन कर रहे हैं। इसके विरोध में किसानों ने पंजाब में रेल सेवाएं रोक दी थीं। इसके अलावा की बार चक्का जाम भी किया है। लेकिन अब मुख्यमंत्री से हुई बातचीत के बाद किसानों ने कुछ दिनों के लिए आंदोलन रोकने का फैसला लिया है। अब देखना होगा कि क्या सरकार किसानों से बातचीत कर उनकी समस्या का हल निकाल पाती है या नहीं।

पंजाब। केंद्र के विवादास्पद कृषि कानूनों का विरोध करने के लिए पंजाब के किसानों ने राज्य भर में रेल सुविधाओं को रोक रखा था। लेकिन सोमवार रात से ट्रेन (यात्री और माल दोनों) की सेवाएं फिर से शुरू होने जा रही हैं। यह घोषणा किसानों की यूनियनों और मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के बीच एक बैठक के बाद की गई। किसानों यूनियनों का कहना है कि कि वह 15 दिन की अवधि के लिए नाकाबंदी को हटाएगी, लेकिन यह चेतावनी भी दी है कि यदि इस मुद्दे पर बातचीत करने और उनके मुद्दों को हल करने में सरकार विफल रही तो इसे फिर से लगाया जाएगा।अमरिंदर सिंह ने घोषणा किए जाने के तुरंत बाद ट्वीट करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों



के फैसले का स्वागत किया है और केंद्र से राज्य में रेल सेवाओं को फिर से शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि किसान यूनियनों के साथ एक उपयोगी बैठक हुई है। यह साझा करते हुई खुशी हो रही है कि 23 नवंबर की रात से किशन यूनियनों ने 15 दिनों के लिए रेल नाकाबंदी को समाप्त करने का फैसला किया है। मैं इस कदम का स्वागत करता हूं, क्योंकि यह हमारी अर्थव्यवस्था को सामान्य स्थिति बहाल करेगा। मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूं कि पंजाब में रेल सेवाओं को फिर से शुरू करें। वहीं, पंजाब के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने भी यह जानकारी दी है कि किसान यूनियनों ने कल से 15 दिनों के लिए सभी ट्रेनों को फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी है। किसानों ने बातचीत के शर्त पर यह फैसला लिया है। यदि 15 दिनों में बातचीत नहीं होती है, तो आंदोलन फिर से शुरू होगा।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# धूमधाम से संपन्न हुआ श्री राम जानकी विवाह

## गुना-शिवपुरी सांसद केपी यादव ने राम विवाह में शामिल होकर की राम सिया जी की आरती

रिपोर्टर-ठाकुरदास लोधी

**पिछोर।** पिछोर के श्री टेकरी सरकार हनुमान मंदिर के प्रांगण में महिला शक्ति संगठन के तत्वाधान चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा के पंचम दिवस राम विवाह की कथा संपन्न हुई कथा में श्री राघवेन्द्र सरकार परम पूज्य मां जानकी माता जी के स्वरूप की शुन्दर झांकी लगाई गई जिसके उपस्थित भक्तों ने बड़े ही भक्ति भाव से दर्शन किए कथा में धूमधाम से नाच गाने के साथ श्रीराम राजा सरकार का विवाह संपन्न हुआ कथा में भारतीय जनता पार्टी के गुना सांसद केपी यादव ने श्रीराम कथा का कथा पंडाल में सह पत्नी अनुराधा यादव के साथ बैठकर भक्ति भाव से कथा का रसोपान करते हुए राम



विवाह की पावन कथा का आनंद लाभ लिया और भगवान श्रीराम जानकी की आरती की वही कथा व्यास परम पूज्य संत श्री आत्मानंद सरस्वती जगत गुरु शंकराचार्य ने राम विवाह की पावन कथा का भक्तों को श्रवण कराते हुए कहा की में पिछोर में श्रीराम कथा सुनाने नहीं बल्कि समझाने आया हूं क्योंकि राम कथा सिर्फ सुनने का विषय नहीं है जितना हम भगवान की पावन कथा सुनें उतना ही प्रयत्न हमें श्रीराम कथा को समझने का भी करना चाहिए लेकिन हम कानो से कथा सुनते हैं परन्तु हृदय से समझने का प्रयास नहीं करते इसलिए कथा शांत चित्त होकर ही श्रवण करना चाहिए कथा में कोलारस विधायक श्रीमती विभा वीरेन्द्र रघुवंशी भाजपा नेता प्रीतमसिंह लोधी एवं बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।

# महिलाओं की आय में वृद्धि के लिए गांव सिंगवारी में हस्तशिल्प प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन हुआ

अमित शर्मा रिपोर्टर

**भिण्ड।** सूर्या फाउंडेशन के द्वारा मालनपुर के आस-पास के गांव में माताओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए पिछले 3 वर्षों से कार्यरत है । जिसमें युवाओं को खेलकूद के माध्यम से एवं बच्चों को संस्कार केंद्र के माध्यम से संस्कारवान, राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति ,योग, जैसे गीतों का की शिक्षा सूर्या संस्कार केंद्र के माध्यम से दिया जाता है । साथ गांव के विकास के लिए गांव के बड़े बुजुर्गों के साथ मिलकर गांव की समग्र विकास कैसे हो इसके लिए सेवाभावी की टोली बनाया गया है ।महिला सशक्त हो इसके लिए स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। इसी गतिविधि को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं की आय में वृद्धि व आत्मनिर्भर बनाने के लिए आज गांव सिंगवारी



में हस्तशिल्प प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में लक्ष्मी नारायण शर्मा जी प्रदेश प्रांत मंत्री सहकार भारती व सूर्या फाउंडेशन क्षेत्र प्रमुख शिव कुमार राजवाडे राजवाड़े ने दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण को प्रशिक्षिका श्रीमती पूनम शुक्ला जी के द्वारा महिलाओं को टेडी बियर, की होल्डर ,मोबाइल हैंगर, गणेश ,मेरन होल्डर , बैग लेडीस किड्स ,जैसे अन्य घरेलू उपयोगी सामग्री बनाना सिखाएंगे । यह कार्यक्रम छः दिवसीय रहेगा।जिसमे 20 महिलाओं को ही सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण कोविड महामारी के ध्यान में रखकर सेनेटाइजर ,मास्क,और सोशल डिस्टेंसिंग, का पालन करते हुए प्रशिक्षण दिया जाएगा । इस कार्यक्रम में रवि तिवारी छ. ग सह प्रान्त प्रमुख ,कविता रजक ,कुसमा देवी ,अनिल रजक ,आकाश भैया का कार्यक्रम मे योगदान रहा।

# कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ, आमजन नियमों का पालन करें: कलेक्टर

**भिण्ड।** कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, आमजन शासन की गाईडलाईन के अनुसार नियमो का पालन करें। बैठक कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु क्राईसेंस मैनेजमेंट ग्रुप की कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री आईएस ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार कंचन, एसडीएम भिण्ड-अटेर श्री उदयसिंह सिकरवार, प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रोनिक मीडिया के पदाधिकारी, समाजसेवी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि प्रत्येक नागरिको द्वारा सार्वजनिक स्थलो पर फेस मास्क का इस्तेमाल, अनिवार्य रूप से किया जाए तथा इसका पालन नहीं करने वाले नागरिको पर जुर्माने अधिरोपित कर विधिवत बसूली तथा अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाए। कक्षा 1 से 8 तक जिले के समस्त स्कूल 31 दिसम्बर 2020 तक बंद रखे। कलेक्टर ने कहा कि विवाह समारोह, सामाजिक कार्यक्रम में भीड की रोकथाम के लिए आप लोगों द्वारा सुझाव मांगे गए है। उन्होंने कहा कि कोरोना की रफ्तार कम नहीं हुई करोनो से जिले के नागरिको को सावधानी बरतनी होगी। साथ ही 100 प्रतिशत मास्क का उपयोग होना चाहिए। समाजसेवियो एवं पत्रकारों द्वारा बताया गया कि बिना मास्क के किया जाए। समाजसेवियो द्वारा बताया गया कि 9 से 12वीं तक के जो स्कूल खुल रहे है वहां मास्क अनिवार्य रूप से पालन हो। सभी यूनियन की बैठक बुलाई जाए।



पेट्रोल/डीजल नहीं दिया जाए। ऑटो वाले भी बिना मास्क के सवारी न बैठाऐ। बैठाने पर सवारी के हिसाब से जुर्माना लगाया जाए। सब्जी मण्डी को चार हिस्सों में बांट दिया जाए, जैसे कि अटेर रोड, इटावा रोड, बस स्टेण्ड साईड और लहार रोड, ताकि सोशल डिस्टेसिंग का पालन हो सके। शादी समारोह में लोगो की संख्या तय की जाए। मास्क, शोसल डिस्टेसिंग एवं सेनेटाइजर का उपयोग अनिवार्य किया जाए। हॉटस्पॉट वाले क्षेत्रों में आने वाले लोगों की स्क्रीनिंग की जाए। साथ ही साप्ताहिक अवकाश का सख्ती से पालन

**कलेक्टर ने की आमजन से सतर्कता बरतने की अपील-** कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने बढ़ रहे कोरोना के मामलों के मद्देनजर जिले में आवश्यक एहतियात बरतने की अपील आम नागरिको से की है। कलेक्टर ने कहा कि नागरिक, कोरोना से बचाव की गाइडलाइन का पालन करें। मास्क का आवश्यक रूप से उपयोग करें। बार-बार साबुन से हाथ धोएं सोशल डिस्टेंसिंग का भी ध्यान रखे और अपनों के लिए, स्वयं के लिए और राष्ट्र के लिए संवेदनशील रह कर कोरोना वायरस से बचाव के प्रति सजग, सतर्क बने रहें।

## एक नजर...

### दो दिन से लापता महिला का नहीं मिला कोई सुराग

**बैराड़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टपरा मोहल्ला निवासी एक महिला का पिछले दो दिन से कोई सुराग नहीं है। वह घर से रात के समय बाजार में निकली थी। महिला की तलाश में उसकी पति दर दर भटक रहा है। पति अमर बंजारा ने बताया कि उसकी पत्नी मीरा बंजारा (52) घर से रात के समय सभी घर के सदय सो रहे थे जिस समय वह घर से निकली थी, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। उसे किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। पुलिस में गुमशुदगी भी दर्ज करा दी गयी है। महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही हैं जिसका उपचार परिजन ग्वालियर करा चुके है।

### आपसी सहयोग से बच्चों की मदद के लिये, चाइल्डलाइन ने चलाया, फ्रेंडशिप आभियान



विनोद पाठक

श्योपुर चाइल्डलाइन दोस्ती सप्ताह के अन्तर्गत चाइल्डलाइन टीम द्वारा बच्चों के हितो मे कार्य करने वाले विभिन्न विभागों, समाजसेवियों, पत्रकारगणों के आपसी सहयोग से बच्चों की मदद करने के उददेश्य से फ्रेंडशिप आभियान चलाया गया। इस दौरान टीम सदस्य द्वारा सभी से मिलकर बच्चो के हित में आपसी सहयोग से कार्य करने के बारे मे कहा गया। इसके साथ ही लापता भिक्षावृत्ति, मेंडिकल, स्पोन्सरशिप आदि केसों व जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बच्चो के हितो मे चाइल्डलाइन टीम का सहयोग करने वाले विभिन्न विभाग के अधिकारियो, कर्मचारियो, समाजसेवियो व पत्रकारगणों को बच्चो की मदद के दौरान किये सहयोग के लिये धन्यवाद दिया गया व फ्रेन्डशिप बेन्ड बांधे गये साथ ही भविष्य में भी आपसी सहयोग से बच्चो के हित में कार्य करने का वचन लिया। इस दौरान चाइल्डलाइन समन्वयक विप्लव शर्मा, टीम सदस्य मनोज सोनी, गौरव आचार्य, सत्येन्द्र सिंह, कुलदीप शर्मा, राजेश मीणा, अनामिका पाराशर, सुमनलता श्रीवास्तव, प्रेमचन्द्र बैरवा उपस्थित रहे।

### नेशनल एडवेंचर में सहभागिता के लिये आवेदन 27 तक आमंत्रित

**मुरैना।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार 27वीं नेशनल एडवेंचर फेस्टिवल 2 से 10 फरवरी 2020 तक चण्डीगढ़ में आयोजित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत देशभर में कुल 350 पुरूष, महिला वर्ग में 15 से 29 आयु वर्ग के युवक, युवतियां सहभागिता करेंगे। जिसमें प्रत्येक राज्य से 10 पुरूष एवं 10 महिला खिलाड़ियों के साथ प्रत्येक टीम में एक सुपरवाइजर तथा प्रदेश में संचालित एडवेंचर क्लब से भी एक टीम रहेगी।

## शराब की दुकानों को जांचने के लिए जनपद भर में चला अभियान

# आबकारी विभाग के साथ जनपदीय पुलिस ने खंगाले दस्तावेज

प्रमुख सचिव आबकारी संजय भूसरेड्डी द्वारा जारी आदेशों के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में जनपदीय

### अनियमितताएं पाए जाने पर लगाया जुर्माना

पुलिस तथा आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रुप से शराब की दुकानों की चेकिंग की गई। इस दौरान विशेष रुप से देशी शराब पर फोकस रखा गया चेकिंग के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर आबकारी तथा स्थानीय पुलिस की टीमें बनाई गई। अनियमितताओं की जांच 18 टीमों ने सुबह से लेकर देर शाम तक किया। पुलिस द्वारा औचक निरीक्षण से शराब का कारोबार कर रहे लोगों में अफरा- तफरी मच गई। जांच में कहीं कोई ओवर रेटिंग और डुप्लीकेट शराब बरामद नहीं हुई। लेकिन कहीं स्टाक रजिस्टर तो कहीं बिक्री का लेखा-जोखा सही नहीं मिलने की खामियां पाई





गई। क्षेत्राधिकारी नगर तथा आबकारी निरीक्षक द्वारा नगर क्षेत्र की ऐसी दुकानों पर 50000 रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया। प्रयागराज में गत दिवस जहरीली शराब पीने से हुई लोगों की मृत्यु की घटना के बाद आबकारी विभाग हरकत में आ गया है। इसी क्रम में मुख्य सचिव आबकारी द्वारा सभी जिलों के लिए पत्र जारी कर शराब की दुकानों की चेकिंग कराने के आदेश दिए गए हैं। चेकिंग के दौरान विशेषतः देसी शराब की दुकानों पर यह देखा गया के देसी की आड़ में कहीं नकली शराब तो नहीं बिक रही है, आबकारी टीम द्वारा अनियमितताओं के चलते कई दुकानों की सैंपलिंग की गई है, जिसे एक्साइज लैब में परीक्षण हेतु भेजा गया है। साथ ही नेशनल हाईवे स्थित ऐसे ढाबों को भी चेक किया गया जहां से शराब के टैंकरों से शराब चोरी का अंदेशा है। इस दौरान अनाधिकृत रूप से शराब की बिक्री करने वालों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# ग्राम पंचायतों में भ्रष्ट सेक्रेटरी सरपंचों द्वारा किया जा रहा है लाखों रुपए के घोटाले

अनिल पाराशर

भिण्ड मेहगांव ग्राम पंचायत डगर में पूर्व सेक्रेटरी देवेंद्र ने आवास मजदूरी कार्ड गरीबी रेखा कार्ड कई ऐसी शासकीय योजनाएं बताकर लोगों से पैसे वसूले हैं और ग्राम पंचायत में अब जाता नहीं है शासकीय योजना काकागजों में किया है लाखों रुपए का घोटाला शौचालय के नाम से 12/ 12 हजार रुपए निकाले गए जिनके नाम से शौचालय निकाले हैं उनके यहां शौचालय बने ही नहीं है पुष्पांजलि टीम जब ग्राम डगर पहुंची वहां की जनता काफी दुखी थी वीर सिंह आरती सिद्धार्थ कैलाश राम अवतार जीत बार जसवंत इन लोगों ने खुलकर कैमरे पर बोला क्या मुझे सरपंच सेक्रेटरी ने ठगा है और दोष देते हैं कहीं शिकायत करी तो खैर नहीं जब इनकी स्थिति देखी गई आर्थिक स्थिति बहुत ही देनी थी पूर्व सेक्रेटरी देवेंद्र से पुष्पांजलि टुडे की टीम ने बात करना चाहिए तो उसने खुलेआम जवाब दे दिया जो करना है वह कर लीजिए हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा जिला पंचायत सीओ और विधायक मंत्री से हम तालमेल रखते हैं यह सेक्रेटरी मंत्री विधायक एवं सीओ को भी बदनाम कर रहा है हमें तो यह प्रतीत होता है शासन ने ऐसे सेक्रेटरी ग्राम पंचायतों में नियुक्त किए हैं जो जनता को दिन-रात ठगने का काम कर रहे हैं और शासन की योजनाओं को चूना लगा रहे हैं नगर गांव में एक अंधा व्यक्ति भी मिला उससे भी उन्होंने रुपए लेकर पेंसिल का लालच दिया आज तक उसकी पेंशन नहीं हो पाई है उसका मकान कच्चा है उसके मकान पर छत भी नहीं है घर के यह कौन है पर टीम सेट बनाकर रहा है बेचारा अंधा व्यक्ति एवं वृद्ध पत्नी के सहारे रह रहा है शासन ऐसे लोगों पर ध्यान दें वह गरीब भोली जनता को ठगने से बचाएं पुष्पांजलि टीम ने सारी जनता को आश्वस्त किया है कि तुम को न्याय दिलवाया जाएगा ऐसे लोगों पर शासन सख्त से सख्त कार्रवाई करें

# लंबित निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे करें

**भिण्ड।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि लंबित निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों और विभाग की अन्य विकास एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा भी की गई। बैठक में राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल भी उपस्थित थे। मंत्री श्री सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक में शांतिधाम, स्कूलों की बाउण्ड्री-वॉल, गौ-शालाओं का निर्माण कार्य और प्रदेश में बच्चों के लिये मध्यान्ह भोजन के लिये डायनिंग हॉल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाये। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने और लाभान्वित करने के निर्देश दिये। सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में मैदानी अधिकारी विशेष रुचि लेकर कार्य करें। स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये उन्हें अन्य योजनाओं से जोड़ें। मंत्री श्री सिसोदिया ने कहा कि शासन की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी ग्रामसभा में रखी जाये। ग्रामसभा का आयोजन प्रत्येक दो माह में किया जाये। ग्रामसभा की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई जाये। ग्राम में चल रहे सी.सी. रोड में गुणवत्ता का ध्यान रखें। श्री सिसोदिया ने मनरेगा के तहत किये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश में खाली बंजर पड़त भूमि की जानकारी प्राप्त करने के साथ गौचर भूमि में चारागाह विकास करने, वर्मी कम्पोस्ट, भू-नाडेप बनाने के निर्देश दिये। इसके अलावा खेत की मेड़ों पर पेड़ लगाने के लिये कृषकों को प्रेरित करने के निर्देश दिये। बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के तहत प्रधानमंत्री ग्राम-सड़क योजना, राज्य शासन द्वारा प्रवर्तित मुख्यमंत्री ग्राम-सड़क योजना में निर्मित ग्रेवल कार्यों का डामरीकरण, स्टेट कनेक्टिविटी, स्टेट मण्डी एवं पंचायती राज संस्था से प्राप्त निधि एवं डीएसएफ मद में स्वीकृत सड़कों, पुलों का निर्माण कार्य, उक्त सभी योजनाओं के तहत निर्मित सड़कों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव ने बैठक में बताया कि मध्यप्रदेश देश में आवास निर्माण के मामले में अव्वल है। अभी तक 17.55 लाख आवास निर्माण किये जा चुके हैं। मेशन प्रशिक्षण में भी देश अव्वल है। अभी तक 51 हजार राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिसमें 9 हजार महिला राजमिस्त्री शामिल हैं।

## 4 करोड़ 54 लाख 98 हजार 421 रूपये का खनिज राजस्व वसूल किया

**मुरैना।** कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा के मार्गदर्शन में खनिज अधिकारी श्री सुखदेव निर्मल एवं उनकी टीम द्वारा कोविड-19 की महामारी जैसी वेश्विक समस्या एवं लॉकडाउन के बाद भी खनिज राजस्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुये पिछले साल 2 करोड़ 70 लाख 46 हजार 890 की अपेक्षा इस साल 4 करोड़ 54 लाख 98 हजार 421 रूपये अधिक खनिक राजस्व वसूल किया गया। खनिज अधिकारी श्री सुखदेव निर्मल द्वारा लगातार अच्छा खनिज राजस्व वसूल किया जा रहा है, जिससे मुरैना जिला खनिज राजस्व के नये-नये किर्तीमान स्थापित कर रहा है। पिछले साल सामान्य परिस्थितियों में अप्रैल 2019 से अक्टूबर 2019 तक 2 करोड़ 70 लाख 46 हजार 890 रूपये का खनिज प्राप्त हुआ था। वर्तमान में वित्तीय वर्ष 2020-21 में अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2020 तक 7 करोड़ 25 लाख 45 हजार 311 रूपये का खनिज राजस्व वसूल किया गया है, जो पिछले वर्ष से 4 करोड़ 54 लाख 98 हजार 421 रूपये अधिक होकर लक्ष्य 138 प्रतिशत है।

## सीएम किसान में पोर्टल पर संख्या संतोषजनक नहीं: कलेक्टर

**मुरैना।** कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में पाया कि सीएम किसान कल्याण पोर्टल पर मुरैना जिला अच्छी स्थिति नहीं है। जिसमें सबलगढ़, कैलारस के राजस्व अधिकारियों को छोड़कर सभी के द्वारा अच्छा कार्य नहीं किया गया है। इन सभी राजस्व अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। यह निर्देश उन्होंने शनिवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर श्री एलके पाण्डे, डिप्टी कलेक्टर, एएसएलआर, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने समीक्षा में पोर्टल पर पाया कि तहसील मुरैना नगर में सीएम किसान के 1 हजार 586 में से 507, तहसील बानमौर में 12 हजार 399 में से 6070, तहसील मुरैना में 23 हजार 893 में से 8 हजार 381, तहसील पोरसा में 22 हजार 961 में से 11 हजार 447, तहसील अंबाह में 29 हजार 82 में से 14 हजार 178, तहसील कैलारस में 24 हजार 601 में से 14 हजार 675, सबलगढ़ में 25 हजार 290 में से 18 हजार 52 और तहसील जौरा में 51 हजार 4 में से 23 हजार 170 का पोर्टल पर फीडिंग पदर्शित हो रहा है। इसमें सबलगढ़ और कैलारस की स्थिति ठीक है। इनको छोड़कर शेष सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने समस्त एसडीएमों को निर्देश दिये कि जिन पटवारियों के हल्के में 50 प्रतिशत से कम फीडिंग का कार्य किया है, उन पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर मुझे सूचित करें।

# प्रदेश में नहीं लगेगा लॉकडाउन : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भिण्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक बुलाकर कोरोना की स्थिति के संदर्भ में सुझाव प्राप्त किए जाएं। प्रदेश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। मास्क के उपयोग को सख्ती से लागू किया जाए। इस मामले में ढिलाई बरतने वालों पर जुर्माना लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना की स्थिति को गत आठ माह में नियंत्रित रखते हुए सर्वोत्तम प्रबंधन किए गए और प्रदेशवासियों ने भी सहयोग देते हुए जागरूकता का परिचय दिया, राज्य सरकार जागरूकता प्रयासों को निरंतर जारी रखेगी। अर्थव्यवस्था प्रभावित न हो और कोरोना भी नियंत्रित रहे, इस संतुलन को बनाए रखा जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल कमाण्ड सेंटर सक्रिय रहें और आइसोलेशन के रोगियों की समुचित देखरेख भी सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल और इंदौर में कल अपेक्षाकृत अधिक संख्या में आए पॉजीटिव प्रकरणों से चिंतित होकर प्रदेश में कोरोना के संबंध में आज मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जिला कलेक्टर्स से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता के प्रयास निरंतर हों। आमजन को संदेश पहुंचाने के लिए कलेक्टर्स अभिनव प्रयास भी कर सकते हैं। उद्घोषणा द्वारा लोगों को शिक्षित करने का कार्य भी किया जाए और परिवारों के स्तर पर यह प्रयास हों कि बुजुर्ग लोग घरों से अधिक बाहर न निकलें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जागरूकता प्रयासों में एनजीओ भी सहयोग करें। विवाह समारोह और सांस्कृतिक गतिविधियां सीमित संख्या की भागीदारी में हों और सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा जाए।

बैठक में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिन नगरों में कोरोना संक्रमण के अधिक मामले सामने आएंगे वहां रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू किया

### जरूरी है मास्क का उपयोग, इसमें ढिलाई बरती तो लगेगा जुर्माना
### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की कोरोना की स्थिति की समीक्षा

जा सकता है। छोटे कंटेनमेंट क्षेत्र बनाकर गंभीर स्थिति वाले क्षेत्रों में एहतियात बढ़ाई जा सकती है। आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही करने वाले ट्रांसपोर्ट को भी नहीं रोका जाएगा। अर्थव्यवस्था की गति को कायम रखते हुए सिर्फ इसलिए सावधानी के प्रयास बढ़ाए जा रहे हैं ताकि कोरोना का प्रसार न हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि औद्योगिक संगठनों की गतिविधियां भी यथावत रहें। श्रमिकों के आने-जाने पर कोई रोक नहीं होगी। शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत कक्षा एक से आठ की कक्षाएं आगामी आदेश तक नहीं लगेंगी। महाविद्यालय भी अभी बंद रहेंगे। कक्षा नौ से बारह के विद्यार्थी एवं कॉलेज के विद्यार्थी विभागों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप मार्गदर्शन के लिये स्कूल/कॉलेज आकर शिक्षण व्यवस्था का लाभ ले सकेंगे। सिनेमाघर अभी पूर्व व्यवस्था के अनुसार 50 प्रतिशत दर्शक संख्या के साथ संचालित हो सकते हैं। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य डॉ. संजय गोयल, सचिव मुख्यमंत्री श्री एम.सेलवेन्द्रन, संचालक जनसंपर्क श्री आशुतोष प्रताप सिंह उपस्थित थे।

**राज्य का रिकवरी रेट 93 प्रतिशत**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज विस्तारपूर्वक समीक्षा में प्रदेश में कोरोना की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसी भी जिले में ऑक्सीजन की कमी न हो, बेड भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हों, होम आइसोलेशन की सुचारू व्यवस्था हो। टेस्टिंग क्षमता के लक्ष्य पूरे हों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़-भाड़ न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश कोरोना के एक्टिव रोगियों की संख्या की दृष्टि से देश में 15वें स्थान पर है। राज्य का रिकवरी रेट 93 प्रतिशत है। वर्तमान में 15 हजार टेस्ट रोजाना हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल और इंदौर कलेक्टर से इस सप्ताह पॉजीटिव रोगियों की संख्या के संदर्भ में चर्चा की और उपलब्ध उपचार सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर इंदौर ने बताया कि रात्रि में लोगों के अनावश्यक मूवमेंट को रोकने के प्रयास बढ़ाएंगे। कलेक्टर भोपाल ने बताया कि व्यापारी संघों से चर्चा हो रही है। वे मार्केट को स्वैच्छिक रूप से जल्दी बंद करवाने के लिए सहमत हैं। कलेक्टर जबलपुर ने बताया कि आमजन द्वारा पिकनिक और आउटिंग जैसी गतिविधियों को हतोत्साहित किया जा रहा है। वृद्धजन के निवास पर बने रहने की समझाईश परिवारों को दी जा रही है। कलेक्टर ग्वालियर ने बताया कि गंभीर प्रकरण अधिक न होने पर भी जागरूकता की गतिविधियां चल रही हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने होम आइसोलेशन रोगियों की देखरेख के संबंध में भी कलेक्टर्स से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि आर्थिक गतिविधियों के संचालन को प्रभावित किए बिना कोरोना से बचाव के सभी निर्धारित आवश्यक उपायों पर अमल किया जाए।

## सड़क बनाने में देरी को लेकर भाजपा सांसद गुमान सिंह ने मंच से ठेकेदार को लगाई फटकार, कहा- उल्टा टांग देंगे



**पेबल,रतलाम।** मध्यप्रदेश के रतलाम में बीजेपी सांसद गुमान सिंह डामोर का वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सांसद एक ठेकेदार को फटकार लगाते नजर आ रहे हैं। वीडियो के वायरल होने के बाद से सांसद सुर्खियों में आ गए हैं। यह वीडियो 18 नवंबर का है। इस वीडियो में रतलाम के बीजेपी सांसद गुमान सिंह डामोर मंच से एक ठेकेदार को उल्टा टांगने की धमकी दे रही है। दरअसल, गुमान डिंह डामोर झाबुआ जिले के पेटलावद में नगर परिषद के एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। मंच पर ही जब नगर परिषद अध्यक्ष ने सड़क बनाने में देरी करने वाले एक ठेकेदार की शिकायत की तो सांसद ने ठेकेदार को फोन लगाकर जमकर डांटा और कहा कि ठीक से समय सीमा में काम नहीं किया तो उल्टा टांग देंगे। वहीं, गुमान सिंह डामोर की ठेकेदार को इस फटकार से मंच पर ही बैठे पेटलवाद के अध्यक्ष मनोहर भटेवरा इतने खुश हुए कि खडे होकर तालियां बजाने लगे। सांसद का वीडियो वायरल होने के बाद जब मीडिया ने गुमान सिंह डामोर से इस बात को लेकर सवाल किया तो उन्होंने यह स्वीकार कर लिया और कहा कि हां मैंने ठेकेदार को उल्टा टांगने की बात कही थी, क्योंकि ठेकेदार किसी पार्टी विशेष के प्रभाव में आकर सड़क निर्माण में देरी कर आम जनता को परेशान कर रहा है।

## पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव के लिए तूफानी दौरे पर भाजपा जिला अध्यक्ष



रानी पाली नेनाराम सिरवी.राजस्थान में होने वाले पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव 2020 जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं शीर्ष नेतृत्व के पदाधिकारियों द्वारा तूफानी दौरे की शुरुआत की गई. पाली जिले में रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 एवं जिला परिषद वार्ड संख्या 17 के प्रत्याशियों के लिए दोनों ही राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने पार्टियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई. रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या दो के लिए घमासान लड़ाई के लिए कांग्रेस पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा संपूर्ण ताकत झोंक दी गई.कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जेके राठौड़ एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के लाडले विधायक जोराराम कुमावत पाली भाजपा जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार द्वारा रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 के मुख्य केंद्र बिंदु ग्राम.चाचोडी. के मतदाताओं से अपने अपने पार्टी के पक्ष में मत देने की अपील की जा रही. पंचायत समिति चुनाव के लिए टिकट बंटवारे को लेकर चल रहे नाराजगी के कारण इस बार सबसे रोचक मुकाबला रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 का रहेगा. जिसमें राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा अपने संपूर्ण ताकत के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया. भाजपा जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौ रक्षा कमांडो फोर्स राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह राजपुरोहित एवं भाजपा के गणमान्य वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा पंचायतराज संस्थाओं के प्रथम चरण के चुनाव के अंतिम दिन तूफानी दौरे की शुरुआत करके भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में मत देने की अपील की गई. निर्दलीय प्रत्याशी विक्रम कंवर राणावत एवं सुनीता कंवर राज पुरोहित द्वारा आम जनता से अपने पक्ष में मत देने की अपील की गई. रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 का मुख्य आकर्षण केंद्र.चाचोडी. बना जिसमें राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं निर्दलीय प्रत्याशियों के वरिष्ठ समर्थकों द्वारा गांधी चौक में डेरा डाले हुए हैं. भाजपा पाली जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार द्वारा प्रथम चरण के चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन आम जनता से एकमात्र राष्ट्र के नाम देने की अपील की गई जिसमें भाजपा प्रत्याशी संतोष कंवर राजपुरोहित के समर्थकों द्वारा जनसंपर्क करके भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मत देने की अपील की गई।

### 2 से 3 हजार लोगों पर होगा कोरोना वैक्सीन का ट्रायल

# अगले सप्ताह से दिए जाएंगे डोज

**भोपाल।** कोरोना की कोवैक्सीन का तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल शुरू होने वाला है। देशभर में इस वैक्सीन के तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल 23 संस्थानों में 28500 लोगों पर होगा। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया और क्लीनिकल ट्रायल रजिस्ट्री ऑफ इंडिया द्वारा मंजूरी दिए गए इन 23 संस्थानों में भोपाल के हमीदिया और एक निजी अस्पताल का भी नाम है। गांधी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हमीदिया अस्पताल और एक निजी अस्पताल में अगले हफ्ते 2 से 3 हजार लोगों पर कोरोना की कोवैक्सीन का तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल होगा। सीटीआरआई (क्लीनिकल ट्रायल रजिस्ट्री ऑफ इंडिया) से भारत बायोटैक इंटरनेशनल लिमिटेड और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की कोवैक्सीन का पहले और दूसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल पूरा हो चुका है। यह ट्रायल 1100 लोगों पर हुआ था। पहले चरण के ट्रायल में वैक्सीन का डोज और दूसरे चरण के ट्रायल में उसकी प्रभावशीलता को जांचा गया है। शुरूआती दोनों फेज के ट्रायल में कोवैक्सीन के विपरीत प्रभाव (एडवर्स इफेक्ट) ट्रायल में शामिल वालेंटियर में देखने को नहीं मिले हैं। तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल में शामिल प्रत्येक वालेंटियर को कोवैक्सीन के दो डोज लगाए जाएंगे। प्रत्येक डोज 0.5 एमएल का होगा। ट्रायल में शामिल व्यक्ति को कोवैक्सीन का पहला डोज दिए जाने के 28वें दिन दूसरा डोज दिया जाएगा। ट्रायल में शामिल वालेंटियर की सेहत की जांच टीका लगाए जाने के बाद 7 से 15 दिन के अंतराल में अगले तीन महीने तक की जाएगी। लेकिन, टीका लगाने से पहले संबंधित वालेंटियर का आरटीपीसीआर तकनीक से कोविड टेस्ट और एंटी बॉडी टेस्ट भी कराया जाएगा।

**बच्चे और गर्भवती महिलाएं ट्रायल में शामिल नहीं होगी**-क्लीनिकल ट्रायल में 18 साल से कम उम्र का कोई भी बच्चा, किशोर, किशोरी शामिल नहीं होगी। इसके अलावा इस प्रोजेक्ट में गर्भवती महिलाएं भी बतौर वालेंटियर वैक्सीन नहीं लगवा सकेंगी। ये प्रावधान सीटीआरआई में भारत बायोटैक इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा सबमिट की गई क्लीनिकल ट्रायल स्टडी प्रोजेक्ट रिपोर्ट में किए गए हैं।



**स्वस्थ व्यक्ति ही लगवा सकेंगे क्लीनिकल ट्रायल प्रोजेक्ट में वैक्सीन**-क्लीनिकल ट्रायल प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार कोवैक्सीन 18 साल से 99 साल तक के स्वस्थ महिला अथवा पुरुष को उसकी सहमति लेकर लगाई जाएगी। इससे पहले क्लीनिकल ट्रायल में शामिल होने की अनुमति देने वाले महिला, पुरुष की मेडिकल जांच की जाएगी।

**इन शहरों के अस्पतालों में होगा कोवैक्सीन का क्लीनिकल ट्रायल**-भोपाल (मध्यप्रदेश), अहमदाबाद (गुजरात), कांचीपुरम, चेन्नई (तमिलनाडु), जाजपुर (ओडिशा), कामरूप (असम), मुंबई , नागपुर (महाराष्ट्र), हैदराबाद (तेलंगाना), एम्स (दिल्ली), फरीदाबाद, रोहतक (हरियाणा), पटना (बिहार), पुडुचेरी, बेंगलुरू (कर्नाटक), विशाखापट्?टनम, गुंटूर (आंध्रप्रदेश), गोवा, अलीगढ़ (उत्तरप्रदेश), कोलकाता (बंगाल)।

**30 फीसदी वालेंटियर बीपी, डायबिटीज पीड़ित होंगे**-क्लीनिकल ट्रायल स्टडी में 30 प्रतिशत ऐसे वालेंटियर को वैक्सीन लगाई जाएगी, जो बीपी, डायबिटीज से पीड़ित हैं। लेकिन, दवाओं से उनकी बीमारी की स्थिति नियंत्रण में हैं। ट्रायल में इस श्रेणी के 30 प्रतिशत वालेंटियर रखने की वजह कोविड मरीजों में बड़ी संख्या में कोमोर्बेडिटी का मिलना है। टीकाकरण के बाद होगी इम्युनोजैनिसिटी जांच टीकाकरण के बाद वालेंटियर की इम्युनोजैनिसिटी जांच की जाएगी। इस जांच में टीकाकरण के बाद संबंधित व्यक्ति के इम्यून सिस्टम में हुए बदलावों का अध्ययन किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक वालेंटियर का टीकाकरण के बाद एंटी बॉडी टेस्ट एक निश्चित समयांतराल के बाद किया जाएगा। ताकि संबंधित में टीकीकरण के बाद एंटी बॉडी बनने के लेवल को जांचा जा सके। दूसरे डोज की शर्त के अनुसार महिला तीन महीने प्रेग्नेंट नहीं हो सकेगी।

**क्लीनिकल ट्रायल प्रोजेक्ट में शामिल एक संस्थान के**-इन्वेस्टिगेटर ने बताया कि ट्रायल में शामिल कोई भी महिला कोवैक्सीन का पहला डोज लेने के बाद अगले तीन महीने तक गर्भधारण नहीं करेगी। इसकी लिखित सहमति संबंधित महिला को ट्रायल प्रोजेक्ट के अनुबंध-पत्र में देनी होगी। इसी तरह इन्वेस्टिगेटर के अनुसार वैक्सीन का पहले डोज के बाद अगर कोई महिला वालेंटियर प्रेग्नेंट होगी तो उसे वैक्सीन का दूसरा डोज नहीं लगाया जाएगा लेकिन महिला की सेहत में होने वाले सभी बदलावों की निगरानी की जाएगी।

## उदयपुरः जाली नोटों के कारोबार का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, ए-4 साइज़ के पेपर पर छापते थे नोट

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में एक बार फिर नकली नोट बनाने वालों का पर्दाफाश हुआ है। दरअसल, 17 नवंबर को अंबामाता थाना क्षेत्र के सज्जनगढ़ गेट के पास स्थित पराठा सेंटर संचालक से 6 लाख रुपये के नकली नोट बरामद हुए थे। हालांकि इसके बाद वह फरार हो गया था। वहीं, अब नकली नोट छापने के मामले में मुख्य सरगना वसीम को पुलिस ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश के जावरा से गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें, आरोपी ने कोटड़ा स्थित अपने साथी संचालक अमित पुत्र गट्टू लाल के साथ नकली नोट बनाने की बात कबूली है। इस पर अमित की तलाश में पुलिस टीमें मध्यप्रदेश भेजी गई हैं। अब इस मामले को लेकर जांच अधिकारी रामसुमेर ने बताया कि अभियुक्त नकली नोट बनाने में कलर प्रिंटर का उपयोग करते थे। पहले 500 रुपए का नोट लेते और दोनों तरफ से स्कैन कर लेते। फिर एक पेज पर दोनों साइड का कलर प्रिंटर निकालते, इसमें चार नोट छपे होते। नोट का कलर प्रिंटर आने के बाद प्रिंटर के एक साइड की फोटो कॉपी एक पेज पर और दूसरे साइड की फोटो कॉपी को दूसरे पेज पर करते। फिर दोनों को गोंद से चिपकाकर 500 का नकली नोट तैयार करते। इस प्रकार 22 पैसे के दो ए-4 साइज के पेपर से 2000 रुपए तैयार कर लेते थे। बता दें, नकली नोट छापने के आरोप में गिरफ्तार वसीम धोखाधड़ी और शराब तस्करी में भी लिप्त रहा है। साथ ही उस पर छेड़छाड़ और मारपीट के मुकदमे भी दर्ज हैं।



## रेलवे ट्रैक पर हेडफोन लगाकर चल रहे दो लड़कों की दर्दनाक मौत, शव के हुए 50 से 60 टुकड़े

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में ट्रेन से कटकर दो लड़कों की मौत हो गई। इस हादसे में दोनों के शरीर के 50 से 60 टुकड़े हो गए। बता दें, यह हादसा उस वक्त हुआ, जब दोनों लड़के कान में हेडफोन लगाकर ट्रैक पर चल रहे थे। बुरहानपुर के बिरोदा के रहने वाले 19 साल के इरफान और 16 साल के कलीम शुक्रवार शाम 6 बजे ट्रैक से बुरहानपुर की ओर आ रहे थे। कुछ ही देर बाद कर्नाटका एक्सप्रेस भुसावल से लालबाग रेलवे स्टेशन पर आ रही थी। रेलवे ट्रैक के पोल नंबर 496/2 से 496/4 के बीच दोनों की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। जब लालबाग रेलवे स्टेशन पहुंचने पर कर्नाटका एक्सप्रेस के ड्राइवर ने अफसरों को इस हादसे की सूचना दी। अफसरों को दी जानकारी में ड्राइवर ने बताया कि दोनों लड़के ट्रैक पर चल रहे थे। हॉर्न बजाने पर भी वह ट्रैक से नहीं हटे जिस वजह से दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। हालांकि, जब ग्रामीण ट्रैक पर मृतकों की शिनाख्त करने के लिए पहुंचे, तो ग्रामीणों और पुलिस को सिर्फ दो धड़ मिले। दोनों के चिथड़े उड़ चुके थे। मृतकों के शव के टुकड़े ढूंढने में पुलिस सहित करीब 40 लोग दो घंटे तक ट्रैक पर जुटे रहे, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। वाघोड़ा में गोदान सहित तीन ट्रेनें आधे घंटे तक रुकी रहीं। यातायात प्रभावित होने की सूचना मिलने पर लोगों को ट्रैक से हटाया गया। करीब शाम 7 बजे से फिर ट्रैक पर ट्रेनों का यातायात शुरू किया गया।



## दिल्ली के बाद भोपाल में भी मास्क पहनना हुआ अनिवार्य

**भोपाल।** भोपाल के जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया ने बगैर मास्क के सड़कों पर निकलने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कलेक्टर ने कहा है कि बिना मास्क के घूमने वाले लोगों का चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि ऐसे लोगों से वालंटियर ड्यूटी भी कराई जाएगी। उन्होंने शहर और जिले में कोरोना के प्रकोप पर नियंत्रण पाने के लिए अन्य आवश्यक उपाय करने को भी कहा है। दरअसल भोपाल भी पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण को कम करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है।नियम के मुताबिक बगैर मास्क घूमते पाए जाने पर 300 से ज्यादा पर जुमार्ना लगाया जा सकता है। उधर इंदौर में तीन सौ से ज्यादा लोगों से मास्क नहीं पहनने पर जुमार्ना वसूला गया। नगर निगम आयुक्त प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में कोरोना की तीसरी लहर की दस्तक को देखते हुए संक्रमण से बचाव के नियमों का सख्ती से पालन कराना प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को निगम सीमा क्षेत्र के सभी 19 जोन कायार्लय ने सघन अभियान शुरू किया। इस दौरान सार्वजनिक क्षेत्रों में बगैर मास्क के घूमते पाए गए तीन सौ से ज्यादा लोगों पर स्पॉट फाइन किया गया।

## लखनऊ में सपा एमएलसी अमित यादव के फ्लैट पर बर्थडे पार्टी में चली गोली, युवक की मौत

**लखनऊ।** शाहजहांपुर से सपा एमएलसी अमित यादव के लखनऊ स्थित फ्लैट में शुक्रवार देर रात गोली चलने से एक युवक की मौत हो गई। हजरतगंज के लाप्लास अपार्टमेंट में अमित यादव की बर्थडे पार्टी में चल रही थी और इसी दौरान उनके भतीजे पंकज यादव की पिस्टल से 35 वर्षीय राकेश रावत को गोली लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एमएलसी के भतीजे के अलावा विनय यादव, ज्ञानेंद्र कुमार और आफताब आलम को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। लखनऊ सेंट्रल के डीसीपी सोमेन बर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान लखनऊ के गोमती नगर के निवासी राकेश रावत के रूप में हुई है। वह लखनऊ में ही एक निजी कंपनी में काम करते थे। राकेश अपने दोस्त विनय यादव के साथ एमएलसी के फ्लैट में उनका बर्थडे मनाने पहुंचे थे। अमित यादव के भतीजे पंकज यादव पिछले पांच सालों से इसी फ्लैट में रहते हैं। डीसीपी के अनुसार, घटना के वक्त मृतक समेत सभी लोग शराब के नशे में थे। रात डेढ़ बजे के करीब पंकज अपनी पिस्टल लहराने लगे और राकेश ने उत्सुकतावश इसे हाथ में लेने की कोशिश की। इसी दौरान विनय पिस्टल राकेश से छीनने लगे और गोली चल गई। गोली सीधे राकेश के मुंह पर लगी और वह अचेत होकर गिर गए।साथी राकेश को लेकर किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीसीपी ने बताया कि पिस्टल बरामद कर ली गई है और उस कमरे को सील कर दिया गया है, जहां वारदात हुई थी। उन्होंने कहा कि एमएलसी के भतीजे और तीन अन्य लोगों ने खुद पुलिस को इस घटना के बारे में सूचित किया था। हांलिक, इन लोगों ने पुलिस को यह कहकर गुमराह करने की कोशिश की कि मृतक पिस्टल लेकर आया था और शो ऑफ करने के चक्कर में उससे फायरिंग हो गई। उन्होंने कहा कि एमएलसी का भतीजा अब तक पिस्टल का लाइसेंस दिखाने में विफल रहा है और आगे की जांच जारी है।

## यूपी में गाड़ियों के प्रदूषण जांच कराना हुआ महंगा

**लखनऊ।** यूपी में वाहनों के प्रदूषण जांच कराना महंगा हो गया। दुपहिया से लेकर सभी तरह के वाहन मालिकों को प्रदूषण जांच के लिए अब दो गुना पैसा खर्च करना होगा। नई दरें एक जनवरी 2021 से प्रदेश भर में लागू होंगी। ऐसे में अब दुपहिया के लिए 50 रुपए, तीन पहिया के लिए 70 रुपए, चार पहिया के लिए 70 रुपए के अलावा सभी प्रकार डीजल वाहनों की जांच के लिए 100 रुपए देना पड़ेगा। अभी तक दो पहिया के लिए 30 रुपए, चार पहिया पेट्रोल के लिए 40 रुपए व चार पहिया डीजल वाहनों के प्रदूषण जांच के लिए 50 रुपए देना पड़गा था। नई दरों के संबंध में शनिवार को परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने सभी आरटीओ को दिशा-निर्देश भेजा है।

## जहरीली शराब कांड पर सीएम योगी सख्त, आरोपियों पर लगेगा गैंगस्टर, प्रॉपर्टी होगी नीलाम

**लखनऊ ।** सीएम योगी ने लखनऊ और उसके बाद प्रयागराज जहरीली शराब कांड पर सख्त रुख अपनाते हुए जहर के कारोबारियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने और उनकी सम्पत्ति नीलाम कर पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने का निर्देश दिया है। प्रदेश के डीजीपी, प्रमुख सचिव आबकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से सीएम योगी ने अवैध शराब के काले कारोबार पर हर हाल में अंकुश लगाने को कहा है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि यदि किसी इलाके में अवैध शराब बिकती हुई पाई जाती है तो वहां के थानेदार और आबकारी अधिकारियों के खिलाफ सख?त से सख?त कार्रवाई की जाएगी। निलंबन और बर्खास्तगी के साथ ही एफआईआर दर्ज कर जेल भी भेजा जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले में अवैध शराब नहीं बिकनी चाहिए। इस काले कारोबार पर हर हाल में अंकुश लगना चाहिए। गौरतलब है कि शुक्रवार को प्रयागराज जिले के फूलपुर के अमिलिया गांव में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई थी। पहली मौत एक पान विक्रेता की गुरुवार रात हुई जबकि पांच अन्य ने शुक्रवार को दम तोड़ा। वहीं पांच अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले पहले लखनऊ, मथुरा और फिरोजाबाद में भी जहरीली शराब से कई लोगों की मौतें हो चुकी हैं। प्रयागराज की घटना के बारे में बताया जा रहा है कि इन लोगों ने देशी शराब के सरकारी ठेके से शराब खरीदी थी। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शराब के ठेके के बाहर जाम लगाकर हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलते ही कमिश्नर, एडीजी, आईजी, डीएम, डीआईजी, जिला आबकारी अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अफसरों ने गांव में घोषणा कराई कि अगर कोई बीमार है तो उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया जाए। आरोपी शराब ठेकेदार की तलाश में छापेमारी कर एक सेल्समैन को रात में पकड़ लिया गया है। डीएम ने रात में भी सभी शवों के पोस्टमार्टम का आदेश दिया है। फूलपुर क्षेत्र के अमिलिया में संगीता देवी के नाम से देशी शराब का ठेका है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार शाम को अरवासी गांव के पान विक्रेता रामजी मौर्य और बसंत लाल ने ठेके से शराब लेकर पी थी। शाम को ही दोनों की हालत बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रामजी मौर्य की मौत हो गई। परिजनों ने रात में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं शुक्रवार सुबह बसंत लाल ने भी दम तोड़ दिया। इधर अमिलिया गांव के शंभूनाथ, राजबहादुर और प्यारेलाल की हालत बिगड़ने लगी। शाम को राजबहादुर व प्रभुनाथ को उनके परिजन सीएचसी फूलपुर लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बसंतलाल और प्यारेलाल की शुक्रवार शाम घर पर ही मौत हो गई। वहीं रात में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चतुर्थश्रेणी कर्मचारी राजेश गौड़ की मौत हो गई। इसके अलावा अमिलिया के प्रभुनाथ, कोनार गांव के ताराचंद और खनसार गांव के जगदीश यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल पुलिस-प्रशासन ने चार मौतों की ही पुष्टि की है। फूलपुर तहसील में शराब पीने से चार लोगों की मृत्यु हो गई है। चार मौत की पुष्टि हुई है, जबकि एक अन्य की सूचना है। इसकी जांच कराई जा रही है। संबंधित दुकान की शराब को लैब में जांच के लिए भेज दिया गया है। जांच के बाद ही मालूम चलेगा कि शराब जहरीली थी या नकली। क्षेत्र के आसपास के करीब 10 गांवों में मेडिकल टीम को रवाना किया गया है।



## प्रयागराज में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत, पांच गंभीर

**फूलपुर (प्रयागराज)।** उत्तर प्रदेश में जहरीली शराब पीने से हो रही मौतें रुकने का नाम नहीं ले रही है। इससे पहले लखनऊ, मथुरा और फिरोजाबाद में जहरीली शराब से कई लोगों की मौतें हो चुकी हैं। शुक्रवार को प्रयागराज जिले के फूलपुर के अमिलिया गांव में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई। पहली मौत एक पान विक्रेता की गुरुवार रात हुई जबकि पांच अन्य ने शुक्रवार को दम तोड़ा। वहीं पांच अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने देशी शराब के सरकारी ठेके से शराब खरीदी थी। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शराब के ठेके के बाहर जाम लगाकर हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलते ही कमिश्नर, एडीजी, आईजी, डीएम, डीआईजी, जिला आबकारी अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अफसरों ने गांव में घोषणा कराई कि अगर कोई बीमार है तो उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया जाए। आरोपी शराब ठेकेदार की तलाश में छापेमारी कर एक सेल्समैन को रात में पकड़ लिया गया है। डीएम ने रात में भी सभी शवों के पोस्टमार्टम का आदेश दिया है। फूलपुर क्षेत्र के अमिलिया में संगीता देवी के नाम से देशी शराब का ठेका है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार शाम को अरवासी गांव के पान विक्रेता रामजी मौर्य और बसंत लाल ने ठेके से शराब लेकर पी थी।

## सम्पादकीय

### कोई कोताही नहीं

भारत में कोरोना संक्रमण के आधिकारिक मामले 90 लाख से ज्यादा पहुंच गए हैं, तो यह न केवल चिंताजनक, बल्कि ज्यादा सचेत होने का मौका है। यह बिल्कुल सही है कि संक्रमण की रफ्तार घटी है। देश में 10 लाख मामले होने में 168 दिन लगे थे, जबकि दस लाख से 20 लाख पहुंचने में 21 दिन। सबसे खतरनाक स्थिति तब थी, जब महज 11 दिन में मामले 40 लाख से 50 लाख पहुंच गए थे। अब 80 लाख से 90 लाख पहुंचने में हमें 22 दिन लगे हैं, तो जहां यह एक ओर, सकारात्मक संकेत है, वहीं दूसरी ओर, हमें आगे के लिए और तैयार रहना चाहिए। हमें यह भी कोशिश करनी चाहिए कि संक्रमण की रफ्तार और कम हो जाए। फिलहाल समस्या यह है कि भारत में जांच संख्या में कमी आई है। ऐसा लग रहा है, ज्यादातर सरकारें रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) से काम चलाना चाहती हैं। कुछ जगहों पर करीब 90 प्रतिशत कोरोना जांच आरएटी के जरिए ही की जा रही है। यह कतई छिपी हुई बात नहीं है कि आरएटी पुख्ता जांच विधि नहीं है। ज्यादा आरएटी का सीधा मतलब है, ज्यादातर मामलों में हम संक्रमण को पकड़ने में नाकाम हो रहे हैं। बहुत सारे पॉजिटिव लोगों को आरएटी की वजह से नेगेटिव रिपोर्ट मिल रही होगी। दिल्ली की अगर हम बात करें, तो कुल कोरोना जांच में आरएटी की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है। मतलब, दिल्ली में महज 30 प्रतिशत जांचों को ही पुख्ता माना जा सकता है। बिहार जैसे राज्य में सरकार 88 प्रतिशत जांच आरएटी के जरिए ही करवा रही है। कोरोना जांच का यह स्याह व अधूरा सच हमें सोचने पर मजबूर कर रहा है। क्या स्थिति जैसी दिख रही है, उससे कहीं अधिक भयावह है? बेशक, सतह पर जो आधिकारिक मामले दिख रहे हैं, उसके अतिरिक्त भी एक बड़ी संख्या है, जो संक्रमित हो चुकी है और दूसरों को अनजाने ही संक्रमित कर रही है। क्वारंटीन होने का महत्व घटा है, लोग जरूरी सावधानियों की अवहेलना कर रहे हैं। कई जगह लोग क्वारंटीन होने या किसी भी तरह की पाबंदी का विरोध करने लगे हैं। लोगों के दर्द को भी समझा जा सकता है, क्योंकि किसी एक कॉलोनी में किसी एक संक्रमण मामले की वजह से पूरी कॉलोनी में लॉकडाउन की स्थिति को कोई मानने को तैयार नहीं है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि पाबंदियां लगाने वाले लोग क्या नौकरी भी बचाएंगे, कमाई में होने वाली कमी की भरपाई करेंगे? दिल्ली ही नहीं, अहमदाबाद में भी मामले बढ़े हैं। अहमदाबाद में सरकार को रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू लगाने का फैसला करना पड़ा है। गुजरात में सोमवार से स्कूल-कॉलेज खुलने वाले थे, लेकिन इस फैसले को भी कुछ समय के लिए वापस लेने की मजबूरी आन पड़ी है। दिल्ली से लेकर गुजरात तक अस्पतालों में कोरोना मरीजों के लिए बिस्तर बढ़ाने का क्रम फिर चल पड़ा है। चिकित्सा वैज्ञानिक पहले से आगाह करते रहे हैं कि संक्रमण रुक-रुककर वापसी करेगा और हमें किसी भी चरण में लापरवाही से काम नहीं लेना है। दिल्ली में बहुत तेजी से जीवन सामान्य या भीड़ के प्रति लापरवाह हो गया था, पर उसके नतीजे भी दिल्ली भुगत रही है। सरकारों की जिम्मेदारी कम नहीं हुई है। हमें पुख्ता कोरोना वैक्सीन के आने तक न तो जांच को हल्के से लेना है और न बचाव से कोई समझौता करना है।

# बालश्रम का दुश्चक्र

लालजी जायसवाल

**बालश्रम की भयावह स्थितियों से निपटने के लिए भारत में अनेक संगठन भी काम कर रहे हैं, उनके प्रयासों के अलावा अगर सरकारी स्तर पर सही कदम उठाए जाएं तो इसकी जल्द रोकथाम की जा सकती है। भारत में मध्याह्न भोजन और ब्राजील, कोलंबिया, जांबिया और मैक्सिको में नगद भुगतान जैसे कार्यक्रमों का बहुत लाभ हुआ है। इन्हें भी देश में लागू करने से बाल मजदूरी कम होगी। बच्चे देश का भविष्य होते हैं। पर कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं, जिनका बचपन खेलने-कूदने या पढ़ाई-लिखाई के बजाय मजदूरी करते हुए बीतता है। आजाद भारत में आज भी एक करोड़ से ज्यादा बच्चे बाल मजदूरी करते हैं। हर घंटे दो बच्चों का बलात्कार होता है, चार बच्चे यौन शोषण का शिकार होते हैं। हर घंटे आठ बच्चे मानव तस्करी का शिकार हो जाते हैं।**



ऐसे बच्चों को चुरा कर बाल मजदूरी और बाल वेश्यावृत्ति आदि के लिए खरीदा-बेचा जाता है। ये सरकारी आंकड़े हैं, असल संख्या इससे कहीं ज्यादा है। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के चलते जहां आर्थिक स्तर पर होने वाले व्यापक नुकसान से काम की स्थिति में गिरावट आई है, वहीं घरेलू आय कम होने और स्कूलों के बंद होने से बालश्रम बढ़ने की आशंका भी बन गई है। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए दुनिया के अनेक देशों ने पूर्णबंदी की थी, जो कहीं-कहीं अब भी चल रही है। इससे व्यापारिक गतिविधियां, कल-कारखाने पूरी तरह बंद रहे, जिससे करोड़ों लोगों को बेरोजगार होना पड़ा और उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

यूनिसेफ का अनुमान है कि इन परिस्थितियों के कारण दुनिया भर में बाल मजदूरी में बढ़ोतरी हो सकती है। गरीबी से त्रस्त परिवार बच्चों को खतरनाक औद्योगिक गतिविधियों में भी काम करने को भेज सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो भारी संख्या में बच्चों के बचपन पर घातक असर पड़ेगा। हाल ही में पश्चिम बंगाल राइट टू एजुकेशन फोरम और कैंपेन अगेन्स्ट चाइल्ड लेबर की ओर से किए गए सर्वेक्षण में पता चला है कि पूर्णबंदी के दौरान पश्चिम बंगाल में स्कूल जाने वाले बच्चों में बाल मजदूरी दर बढ़ी है।

गौरतलब है कि बच्चों से काम लेने वाले उन्हें इसलिए काम पर रखते हैं, क्योंकि बड़े लोगों की तुलना में उन्हें वेतन कम देना पड़ता है और उनसे ज्यादा देर तक काम लिया जाता है। आज गांवों की स्थिति ज्यादा खराब है। परिवारों को काम के लिए ज्यादा लोग चाहिए ताकि पैसे कमाए जा सकें। अगर हम सुधार के लिए तुरंत कदम नहीं उठाएंगे तो स्थिति और ज्यादा बुरी होगी। पश्चिम बंगाल के उन्नीस जिलों में साढ़े इक्कीस सौ बच्चों को उक्त सर्वेक्षण में शामिल किया गया था, उनमें एक सौ तिहत्तर दिव्यांग भी शामिल थे। इन दिव्यांग बच्चों में से महज साढ़े सैंतीस प्रतिशत ऑनलाइन पढ़ाई में सक्षम हैं। पूर्णबंदी के दौरान बीमार पड़ने वाले ग्यारह प्रतिशत बच्चों को कोई चिकित्सीय सहायता भी नहीं मिल सकी। यों भारत के संविधान में मूल अधिकारों के अनुच्छेद चौबीस के अंतर्गत बालश्रम प्रतिबंधित है, लेकिन इसका एक प्रमुख कारण गरीब बच्चों के माता-पिता में लालच और असंतोष का होना है। माता-पिता अपनी सुविधा के लिए बच्चों से मजदूरी कराते हैं, जिससे बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं।

बालश्रम मे वृद्धि का दूसरा कारण सरकारी स्कूलों में पढाई का स्तर ठीक न होना भी है। भारतीय सरकारी स्कूल अध्यापकों की अनुपस्थिति के मामले में विश्व में युगांडा के बाद दूसरे नंबर पर हैं। सरकारी स्कूलों के पांचवी कक्षा के अधिकतर बच्चे तीसरी कक्षा की किताब नहीं पढ़ पाते। स्कूलों में कौशल विकास बिलकुल नहीं होता, केवल क्लर्क बनाने वाली रट्टामार पढ़ाई होती है। तो क्यों बच्चे स्कूल जाना चाहेंगे और क्यों अभिभावक उन्हें स्कूल भेजना चाहेंगे? नई शिक्षा नीति से इन समस्याओं का समाधान निकलेगा और शिक्षा व्यवस्था का चरित्र भी बदलेगा, लेकिन उसके लिए अभी प्रतीक्षा करनी होगी।

सर्वेक्षण के मुताबिक पूर्णबंदी के असर से हर राज्य में स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच बाल मजदूरी में एक सौ पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान लड़कियों में बाल मजदूरों की संख्या एक सौ तेरह प्रतिशत बढ़ी है, जबकि लड़कों के बीच इस संख्या में पंचानबे प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका परिणाम यह होगा कि और ज्यादा बच्चे अधिक मेहनत तथा शोषण वाले काम करने को मजबूर होंगे, लैंगिक असमानता और विकट हो जाएगी। हाल ही में ब्यूनस आयर्स में बालश्रम पर लगभग सौ देशों का सम्मेलन हुआ था, जिसमें यह चिंता जाहिर की गई थी कि अधिकांश सदस्य देश 2025 तक बाल श्रम को समाप्त करने के अपने लक्ष्य से पीछे ही रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने अनुमान लगाया है कि आज से सात वर्ष बाद भी लगभग एक अरब इक्कीस करोड़ बच्चे अलग-अलग कार्यों में संलग्न पाए जा सकते हैं। अब भी विश्व में पांच से सत्रह वर्ष के बीच के काम करने वाले बच्चों की संख्या एक अरब बावन करोड़ है। नेशनल लेबर इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और यूनीसेफ द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि लखनऊ में कुल साढ़े तीस हजार बाल मजदूर हैं और कोरोना के कारण इनकी संख्या में इजाफा हुआ है। यही वजह है कि यह शहर बालश्रम के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि 2012 से 2016 के बीच बालश्रम में मात्र एक प्रतिशत की कमी देखी गई है।

चिंताजनक बात यह है कि 2012 से 2016 तक बारह वर्ष तक के बच्चों को बालश्रम से मुक्ति दिलाने का कोई खास प्रयत्न नहीं हो सका था। इस अवधि में लड़कियों को ही लड़कों की तुलना में कुछ अधिक मुक्ति दिलाने में सफलता मिल पाई है। बालश्रम का एक प्रमुख कारण औपचारिक अर्थव्यवस्था में श्रम संबंधी निरीक्षकों की कमी होना भी है, जिसके फलस्वरूप लगभग इकहत्तर फीसद बच्चे आज भी कृषि कार्य में लगे हैं, जिनमें से उनहत्तर फीसद बच्चों को परिवार की इकाई में काम करने के कारण पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है। आज भी भारत में प्रतिदिन लगभग साढ़े तिरालीस लाख बच्चे स्कूल के बजाय काम पर जाते हैं। कोरोना काल ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

इससे बड़ी त्रासदी भला और क्या होगी कि देश में आज भी सत्रह करोड़ बाल श्रमिक और लगभग बीस करोड़ वयस्क बेरोजगार हैं। ये वयस्क कोई और नहीं, बल्कि बाल श्रमिकों के माता-पिता हैं। यह विरोधाभास बालश्रम के खत्म होने से ही समाप्त हो पाएगा। बच्चों के विरुद्ध हिंसा, सामूहिक कार्यों, राजनीतिक इच्छाशक्ति, पर्याप्त संसाधन और वंचित बच्चों के प्रति पर्याप्त सहानुभूति से बालश्रम समाप्त किया जा सकता है।

बाल मजदूरी की समस्या का समाधान तभी होगा, जब हर बच्चे को उसका अधिकार उपलब्ध होगा। इसके लिए जो बच्चे अपने अधिकारों से वंचित हैं, उनके अधिकार दिलाने के लिए समाज और देश को सामूहिक प्रयास करने होंगे। आज देश के प्रत्येक नागरिक को बाल मजदूरी का उन्मूलन करने की जरूरत है। देश के किसी भी हिस्से में कोई भी बच्चा श्रमिक दिखे, तो देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह बाल मजदूरी का विरोध करे।

वैसे, बालश्रम की भयावह स्थितियों से निपटने के लिए भारत में अनेक संगठन भी काम कर रहे हैं, उनके प्रयासों के अलावा अगर सरकारी स्तर पर सही कदम उठाए जाएं तो इसकी जल्द रोकथाम की जा सकती है। भारत में मध्याह्न भोजन और ब्राजील, कोलंबिया, जांबिया और मैक्सिको में नगद भुगतान जैसे कार्यक्रमों का बहुत लाभ हुआ है। इन्हें भी देश में लागू करने से बाल मजदूरी कम होगी। मैक्सिको और सेनेगल जैसे देशों में शिक्षा के स्तर में सुधार से भी बाल मजदूरी कम हुई है। साथ ही, सरकारें गरीबों के बैंक खातों में नगद पैसा दें। भविष्य में उन्हें सस्ता और सुलभ कर्ज उपलब्ध कराएं ताकि वे साहूकारों के चंगुल में न फंसें और अपने बच्चों को बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी से बचा सकें।

## फैसला

# 'लव जिहाद' पर 'सर्जिकल स्ट्राइक'

प्रभुनाथ शुक्ल




**मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार लव जिहाद पर राज्यसभा में अध्यादेश लाने का फैसला किया है। सरकार का यह उचित समय पर सही फैसला है। धार्मिकता की आड़ में इस घिनौने अपराध पर लगाम लगनी चाहिए। अगर बिल पास करवाने में मामा की सरकार सफल रही तो मध्यप्रदेश लव जिहाद पर कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। लव जिहाद के खिलाफ सरकार की यह पहली सर्जिकल स्ट्राइक होगी। इसके पूर्व कर्नाटक, हरियाणा और यूपी इस पर कानून बनाने का फैसला किया है।**

निश्चित रुप से लव जिहाद एक घृणित धार्मिक साजिश है। कोई भी धर्म संस्कृति इसकी मान्यता नहीं देता है। लेकिन हाल के सालों में लव जिहाद सियासी मुद्दा बन गया है। यह हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच नफरत और घृणा के साथ सामुदायिक तनाव का कारण भी बन रहा है। तीन साल पूर्व भारत में ऐसी शब्दावली विकसित नहीं थीं, लेकिन मीडिया और सियासी वजह से लव जिहाद की शब्दावली हर जुबान पर चढ़ गई। हरियाणा के वल्लभगढ़ में एक हिंदू लड़की को मुस्लिम युवक की तरफ से गोली मार कर हत्या करने की घटना ने देश को हिलाकर रख दिया। इस घटना ने लव जिहाद की बहस को नया रुप दिया है।

मध्यप्रदेश सरकार लव जिहाद पर अध्यादेश लाकर राज्य में सियासी बढ़त लेना चाहती है। वह हिंदू समाज के बड़े वर्ग को खुश कर बड़े वोटबैंक को साधना चाहती है। हालाँकि लव जिहाद की घटनाएँ इसके पूर्व भी घटित होती रहीं हैं, लेकिन तब यह शब्दावली नहीं थीं, लेकिन इस परिभाषा ने इसे अत्यधिक ज्वलंत बना दिया है। लव जिहाद पर कई घटनाएँ बेहद चौंकाने वाली हैं। हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच लव जिहाद नफरत का कारण भी बन रहा है। वल्लभगढ़ की घटना ने इसे नया रुप दिया है। सभ्य समाज में लव जिहाद का कोई स्थान नहीं है। लव यानी प्रेम ईश्वर का स्वरूप है। प्रेम शास्वत है, प्रेम में त्याग और समर्पण होता है वहां जिहाद का क्या मतलब। जहाँ मोहब्बत है वहां जिहाद हो ही नहीं सकता। लेकिन जिहाद के लिए मोहब्बत का ढोंग रचना सबसे बड़ी धार्मिक साजिश है। लव जिहाद हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्म और संस्कृति को बदनाम करने की आतंकी साजिश है। कुछ गंदी सोच के लोग दोनों धर्म और संस्कृति को बदनाम कर समाज में नफरत और द्वेष फैलाना चाहते हैं। भारत में सभी धर्म और संस्कृति के लोग रहते हैं। यह सनातन संस्कृति और संस्कार का देश है। सनातन ने कभी किसी दूसरे धर्म को भारत में फलने फूलने से नहीं रोका। सभी धर्मों के लोग अपनी धर्मिक आजादी के साथ जीते हैं। एक दूसरे की धर्म, संस्कार और परम्परा में विश्वास रखते हैं। लेकिन इसे अब राजनीतिक मुद्दा बना दिया गया है। लव जिहाद का मामला किसी भी धर्म-संस्कृति से सम्बन्धित क्यों न हो, लेकिन यह एक महिला की जिंदगी से जुड़ा सवाल है।

भारतीय समाज में महिलाओं का सम्मान सबसे प्रथम वरीयता है। हिंदू धर्म में नारी को बड़ा सम्मान दिया जाता है। हिंदू धर्म में महिलाओं को गृहणी यानी लक्ष्मी और देवि माना गया है। हमारे वेदों में कहाँ गया है कि जहाँ नारियों की पूजा यानी सम्मान होता है वहां देवता बास करते हैं। भारतीय नारी त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति है। इस तरह की नारियों को भोग्या समझना सबसे बड़ी नासमझी है। किसी भी धर्म के लिए कठमुल्लापन घातक है। हमेशा खुली संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। सभी धर्मों में नारियों का बड़ा सम्मान है, लेकिन कुछ नासमझ और बहके युवक आतंकी साजिश में फँस कर अपना धार्मिक अधिकार मानते हैं। यह उनकी सबसे बड़ी भूल है।

भारत में लव जिहाद की शुरुवात कुछ साल पूर्व केरल से हुई थी। जहाँ एक हिंदू लड़की और एक मुस्लिम लड़के के बीच प्रेम विवाह के बाद साजिश का मामला सामने आया था। यह घटना इतनी चर्चित हुई कि इसकी जाँच एनआईए से करानी पड़ी। लव जिहाद दो शब्दों से मिलकर बना है। अंग्रेजी भाषा का शब्द लव यानी प्यार और अरबी भाषा का शब्द जिहाद है। प्रेम के जाल में फंसाकर लड़की का धर्म परिवर्तन करवा देना ही लव जेहाद है। निश्चित रुप से यह एक समाजिक बुराई है। वास्तव में इस पर सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

मध्यप्रदेश सरकार इस पर कठोर कानून बनाने का फैसला किया है। जिसमें पाँच साल का कारावास और गैरजमानती धाराओं में मुकदमें दर्ज किए जाएंगे। लव जिहाद में शामिल सह आरोपी को भी मुख्य आरोपी की तरह कानूनी धाराओं में निरुद्ध किया जाएगा। हालाँकि सरकार ने मोहब्बत करने वालों का पूरा खयाल रखा है।अगर किसी गैर धर्म की लड़की से कोई शादी करना चाहता है तो उसकी भावनाओं का भी सरकार ने सम्मान किया है। शादी के लिए अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन की खुली छूट दी गई है, लेकिन इसके लिए कमसे कम एक माह पूर्व जिलाधिकारी को आवेदन करना होगा। इसलिए इस पर अधिक राजनीति नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि लव जिहाद की स्थितियां हैं। भोली- भाली लड़कियों को फँसा कर धर्म परिवर्तन कर लव जिहाद की हालात पैदा किए जाते हैं। केरल हाईकोर्ट ने 2016 में लव जिहाद की शिकार हुई एक हिंदू लड़की की शादी रद्द कर दिया था। लव जिहाद वास्तव में भारत के खिलाफ एक साजिश है। इस कानून बनना राज्य सरकारों का एक उचित फैसला है। लेकिन इस खुले मन से बहस होनी चाहिए। इस एक बड़ी बहस होनी चाहिए। लव जिहाद भारतीय समाज के लिए कलंक है।

लव जिहाद पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। क्योंकि कानून किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। कानून की आड़ में किसी धर्म के लोगों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। क्योंकि तरह देश में कई कानून बने हैं जिनका खुला दुरपयोग हो रहा है। दलित और दहेज उत्पीड़न कानून इसके सफल उदाहरण हैं। क्योंकि इस तरह के कानूनों का समाजिक और सियासी दुरपयोग होने का भी भय रहता है और होता भी है। फिलहाल लव जिहाद की बढ़ती घटनाएँ सामजिक चिंता का विषय हैं। मध्यप्रदेश सरकार का फैसला उचित है, लेकिन लव जिहाद पर कानूनी बनाने के पूर्व व्यापक बहस के बाद विपक्ष को भी विश्वास में लेना चाहिए। राजनीतिक बढ़त लेने की होड़ में जमीन हकीकत का भी खयाल रखना होगा।

## ज्ञान गंगा

### सेवाभाव ही सर्वोपरि



एकनाथ देवगढ़ राज्य के दीवान जनार्दन स्वामी के शिष्य। एक बार गुरू देव ने एकनाथ को राजदरबार का हिसाब करने को कहा। एकनाथ बहि-खाता लेकर हिसाब करने बैठ गये। दूसरे ही दिन सुबह हिसाब राजदरबार में देना था। सारा दिन हिसाब लिखने और करने में बीत गया। दिन में बैठे कब रात हो गयी उन्हें पता ही न चला। सेवक दीपक जलाकर चला गया। हिसाब में एक पायी की भूल आ रही था। आधी रात बीत गयी मगर भूल पकड़ में ही नहीं आ रही थी। संत जी हिसाब में खोये रहे। भोर फटते ही गुरू देव एकनाथ के कमरे में आए तो सेत जी को हिसाब में खोये पाया। बहियों पर अंधेरा होने पर भी एकनाथ हिसाब में लगे रहे। इतने में एक पायी की भूल पकड़ में आ गयी। एकनाथ खुशी से चिल्ला पड़े,मिल गयी,मिल गयी। गुरू देव ने पूछा,क्या मिल गया बेटा? एकनाथ विस्मय से बोले कि हिसाब में एक पायी की भूल पकड़ में नहीं आ रही थी वह मिल गयी है। लाखों के हिसाब में एक पायी की भूल के लिए रात भर का जागरण। गुरू देव की सेवा में इतनी लगन और दृढ़ निश्चय देखकर गुरू देव के दिल से गुरूकृपा बह निकली क्योंकि उन्हें ज्ञानामृत की वर्षा करने के लिए योग्य अधिकारी जो मिल गया था।

## प्यार के दो पल



आजकल के समय में यदि
किसी को प्यार के दो पल मिल जाएं
ज़िन्दगी संवर जाए उसकी
झोली खुशियों से भर जाए
नफरत और ईर्ष्या का है बोलबाला
अपनो ने अपनों को ही काट डाला
ज़ख्म तो माना गहरा नहीं था
लेकिन नमक छिड़क कर नासूर बना डाला
प्यार जहां होता है वहां
बास करते हैं खुद भगवान
कष्ट दूर रहते हैं पास नहीं फटकते
खुश रहते हैं वह इंसान
यह ज़िन्दगी महकती फुलवारी है
न जाने कब महक उड़ जाएगी
जो पल मिले हैं प्यार की भेंट चढ़ा दो उनको
यह ज़िन्दगी की कहानी दोबारा नहीं लिखी जाएगी
प्यार में दुनियाँ की सारी खुशियाँ है
प्यार से ही हैं यह बगिया गुलज़ार
जिसके जीवन में प्यार नहीं
उसका जीना है बेकार

**रवींद्र कुमार शर्मा**
**घुमारवीं**
**जिला बिलासपर हिप्र**
**9418093882**

## खामोशी का शहर

खामोशी के इस शहर में,
विरान सी हवाये हैं,
चुप्पी ही बोलती है,
खामोशी चिखती है,
बच्चों की खिलखिलाहट झिनती,
सन सन आती हुई हवाएं हैं,
यह सर्द हवाओं का शहर है,
यहां आवाज में गुम हो जाती है,
दिल वालों की बस्ती में,
रहते बसते कब्रिस्तान के चौकीदार हैं,
ऐसा भी कभी-कभी होता है
इस शहर में,
कब्रें आपस में बात करती हैं,
खिलखिलाती हैं गुनगुनाती है,
कब्रगाहों में लगते मेंले हैं,
इंसान जीते जागते लगते,
मौत से गले हैं,
यह खामोशी का शहर है,
मौत से बदतर जिंदगी है,
मेरा पड़ोसी अनजान है मेरी
मौत से,
वह बेगाना है,
इस शहर की फिजाओं से,
मैं भी अनजाना था उसकी



जिंदगी से,
कहता है फिर मिलेंगे,
वहीं जहां लगते हैं,
मेले हर बरस चुप्पी के,
जीते जी तो न मिल सके,
मरने के बाद ही,
मिलेंगे सुकून से,
यह खामोशी का शहर है,
वीरान सी हवाएं हैं,
अंजान से परदेसी,
यह युद्ध के बाद और
युद्ध के पहले की
शांति का शहर है,
यह खामोशी का शहर है,
सिवाय खामोशी के,
सब कुछ शांत है
कहता है फिर मिलेंगे,
वहीं जहां लगते हैं,
मेले हर बरस चुप्पी के,
जीते जी तो न मिल सके,
मरने के बाद ही,
मिलेंगे सुकून से,
यह खामोशी का शहर है,
वीरान सी हवाएं हैं,
अंजान से परदेसी,
यह युद्ध के बाद और
युद्ध के पहले की
शांति का शहर है,
यह खामोशी का शहर है,
सिवाय खामोशी के,
सब कुछ शांत है

**संजीव ठाकुर**
**चौबेकालोनी,रायपुर,छ.ग.**

## कैसे भूलूं

जानता हूँ तु अमानत है किसी और की , पर क्या करूँ ये दिल नहीं मानता । इस दिल को नहीं ग़वारा कि मानें तुझे किसी और का , तुम भुला सकती हो मुझे, पर मै कैसे भुला दूँ उन पलों को, जो जिए थे सँग तुम्हारे। कैसे भूलूँ वो लम्हात जब मेरे शाने पर तुम सर रख कर चैन से नयन मूँदे ख़्यालों में खो जाती, और मैं तुम्हारी ज़ुल्फ़ो से अटखेलियां करते हुए तुम्हारी पेशानी को चूम लेता था। लेकर अपने हाथों में तुम्हारे हाथों को , वो छुअन ,वो हरारत, आज भी वो अहसास महसूस करता हूँ। जब-जब देखता हूँ आइनाँ तो अक्स तुम्हारा ही नज़र आता है । करता हूँ बँद पलकें तो ख़्यालों मे तुम ही तुम आती हो, तुम्हारी यादें, तुम्हारी बातें, पल रहती है हसरत तुम्हारी । महसूस करता हूँ हर



धड़कन मे तुमको ,साँस मे महकती है खुशबु तुम्हारी ।। आता नही यकीं बेवफ़ाई पे तुम्हारी, दिल कहता है तुम बेवफ़ा नही हो सकती । अग़र है ऐसा तो क्यों प्यार की, की रूसवाई। याद करो वो सारी बाते तुमने कहा था तुम मेरे सिवा किसी और की नहीं हो सकती,
फिर क्यों तुमने सब वादे, सब कसमें तोड़ दी ।
तुम्हारी जुदाई का ऐसा चुभता है नश्तर की रुह छलनी हुई जाती है ।
मिटा दूँ ग़र तेरी यादो को मगर साँसो से कैसे निकालु तुझे ,
हाँ अब भी मुझे प्यार है तुमसे , ग़र भुला दूँ तुम्हे तो ये खुदकुशी होगी ।

**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर )**

## श्रद्धांजली

दुनिया आपसे सीखेगी,
बिटिया को शेर बनाया है।
प्रभु दयाल जी मेरा नमन,
निब्बान अपने पाया है।
बेटा से कम नहीं है बेटी,
सिद्ध आपने कर डाला।
माया बहन सा बेटी पाकर,
आयरन लेडी बना जा डाला।
प्रभु दयाल जी आपकी बेटी,
नाम आपका चमकाया।



यूपी का मुख्यमंत्री
बन कर,
लोहा अपना
मनवाया।
अपराधी थरथर
कांप रहे थे,
प्रभु जी आपकी
बिटिया से।
माया जैसा निडर बने सब,
अर्ज मेरा सब बिटिया से।
प्रभु दयाल जी आप हमारे हैं,
देश की गौरव गाथा में,
शत शत बार नमन आपको,
अश्रु भरा है आंखों में।
बुद्धि सागर गौतम।
( मौलिक व स्वरचित रचना )
पता- नौसढ़, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश,
भारत -273016.

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# मुझे सही उम्र में काम करने से कुछ भूमिकाएं पाने में मिली मददः ईशान

पंकज कपूर के छोटे बेटे और शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अपने कुशल अभिनय और नृत्य कौशल की बदौलत भाई-भतीजावाद को चकमा देने में कामयाब रहे। ईशान ने बताया कि मैं हर उस अवसर को पाने के लिए भाग्यशाली हूं जो मुझे मिला। लेकिन मुझे लगता है कि मैंने सही उम्र में काम करना शुरू कर दिया। कई बार हमें उम्र की वजह से कुछ भूमिकाएं पाने में मदद मिलती है। मुझे लगता है कि माजिद सर और मीरा दी के साथ काम करना ऐसा ही था। यदि मैं 5 साल बाद काम करना शुरू करता तो मैं ऐसे मौके से चूक सकता था। हालांकि यह सब हमारे नहीं, बल्कि नियति के हाथों में है। मैंने जो भी किया है, उसमें अपना सब कुछ लगा दिया। उन्होंने आगे कहा कि मुझे पता है कि मैं भाग्यशाली हूं, क्योंकि ऐसे प्रतिष्ठित 2 फिल्म निमार्ताओं के साथ काम करने के इंतजार में कलाकारों के कई साल निकल जाते हैं। बस मैं ये वादा कर सकता हूं कि मैं अपनी कड़ी मेहनत के कारण किसी को निराश नहीं होने दूंगा। अपने किरदार को लेकर ईशान ने कहा कि मैंने ऐसे किरदार निभाए हैं जो बहुमुखी हैं, आमिर और मधु से बहुत अलग है। इसी तरह खाली पीली के ब्लैकी और ए सूटेबल लड़के के मान कपूर से बहुत अलग है। मुझे अपने स्तर को ऐसा ऊंचा रखना होगा जो हमेशा प्रशंसकों की अपेक्षा से मेल खाए। मुझे लगता है कि प्रशंसकों की अपेक्षा एक आशीर्वाद और विशेषाधिकार है। बता दें कि 2017 में ईरानी फिल्म निमार्ता माजिद मजीदी की 'बियॉन्ड द क्लाउड्स' में अपने कुशल प्रदर्शन से सिने प्रेमियों का ध्यान खींचा। फिर अगला प्रोजेक्ट ''धड़क'' उम्मीदों से कम था। हाल ही में उन्हें मीरा नायर की वेब सीरीज ''ए सूटेबल बॉय'' में भी देखा गया था। इसमें ईशान की अनुभवी कलाकार तब्बू के साथ एक अपरंपरागत जोड़ी में शानदार अभिनय किया।



# अमृता का नया गाना हुआ रिलीज, श्रोताओं को नहीं आया रास, मिले 40 हजार डिसलाइक



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी और गायिका अमृता फडणवीस का नया गाना प्रशंसकों को रास नहीं आया जिसके चलते उन्हें सोशल मीडिया पर आलोचना का शिकार होना पड़ा। दरअसल, यूट्यूब पर उनका एक नया मराठी गाना 'तिला जगू द्या' (उसे जीने दो) रिलीज हुआ है। हालांकि, अमृता के लिए यह अच्छा अनुभव नहीं रहा, क्योंकि अधिकतर श्रोता उनके गाने को नापसंद कर रहे हैं। भाई दूज के दिन रिलीज हुए इस गाने को टी-सीरीज मराठी ने लॉन्च किया है। यह गाना महिलाओं के सशक्तीकरण पर आधारित है। लेकिन इस गाने को लोगों ने लाइक से ज्यादा डिसलाइक किया है। कुछ यूजर्स ने तो उनकी तुलना ढिंचैक पूजा से की है। इस गाने को अब तक 40 हजार के करीब लोग डिसलाइक कर चुके हैं। इतना ही नहीं, इस गाने के बारे में लोग यूट्यूब और सोशल मीडिया पर खराब टिप्पणियां भी कर रहे हैं। बता दें कि देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस अकसर चर्चा में रहती हैं। लॉकडाउन के दौरान उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं, जिसमें वह एक मीटिंग में नजर आ रही थीं। इस दौरान उनकी टेबल पर कुछ खाली पन्ने पड़े दिख रहे थे, जिस पर लिखा था, 'फोटो लेते रहो'।

# बजरंगी भाईजान वाली 'मुन्नी' हर्षाली मल्होत्रा हुई बड़ी



सलमान खान की सुपरहिट फिल्म 'बजरंगी भाईजान' में मुन्नी हर्षाली मल्होत्रा अब काफी बड़ी हो गई हैं। हाल ही में हर्षाली ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ हालिया तस्वीरें शेयर की हैं जो रातोंरात इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं और लोग ताज्जुब कर रहे हैं कि मुन्नी इतनी बड़ी हो गई है।



बजरंगी भाईजान की रिलीज के वक्त उनकी उम्र केवल 7 साल की थी और अब हर्षाली 12 साल की हो गई हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। हर्षाली इंस्टाग्राम पर काफी ऐक्टिव रहती हैं। उन्होंने दिवाली के मौके पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए फैन्स को शुभकामनाएं दी हैं। फैन्स ने भी हर्षाली की तस्वीरों पर जमकर कॉमेंट्स किए हैं। इन तस्वीरों में वह लाल रंग के सलवार कुर्ते में बेहद प्यारी और खूबसूरत लग रही हैं। हर्षाली की फैन्स ने इन तस्वीरों पर बेहद अच्छे कॉमेंट्स भी किए हैं। बता दें कि हर्षाली केवल अभी ही नहीं बल्कि अपने पैरेंट्स और भाई के साथ भी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं। यह तस्वीर रक्षाबंधन की है जिसमें हर्षाली अपने भाई को राखी बांध रही हैं। 'बजरंगी भाईजान' के बाद हर्षाली ने टीवी सीरियल 'कुबूल है' और 'लौट आओ त्रिशा' में भी काम किया है। अब फैन्स हर्षाली की अगली फिल्म या टीवी सीरियल का इंतजार कर रहे हैं।

# आदित्य रॉय कपूर ने किया फिल्म 'ओमः द बेटल विदइन' का ऐलान

**बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर ने अपना 35 वां बर्थडे बनाया हैं। आदित्य के बर्थडे पर उनकी एक फिल्म की घोषणा की गई है। आदित्य ने फिल्म 'ओमः द बैटल विदइन' साइन की है। इसके लिए वे अच्छी स्क्रिप्ट वाली फिल्मों को साइन करने पर लगातार काम कर रहे हैं। मशहूर निर्देशक टीनू वर्मा के बेटे कपिल इस फिल्म को डायरेक्ट करेंगे।**

इस फिल्म से कपिल डायरेक्टर के तौर पर अपने करियर की शुरूआत करने जा रहे हैं फिल्म समीक्षक और बिजनेस एक्सपर्ट तरण आदर्श ने ट्वीट करके इस फिल्म की जानकारी दी है। आदित्य की यह फिल्म एक एक्शन पैक्ड फिल्म होगी। खबर है कि इस फिल्म की शूटिंग दिसंबर माह से शुरू कर दी जाएगी। यह फिल्म अगले साल रिलीज की जाएगी। हालांकि रिलीज के डेट की घोषणा अभी तक नहीं की गई है। फिल्म की लीड एक्ट्रेस के लिए अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं किया गया है। दिशा पटानी और तारा सुतारिया को इस फिल्म में लीड एक्ट्रेस के रूप में कास्ट किए जाने की खबर थी। फिल्म की आधिकारिक घोषणा में केवल आदित्य के नाम का ऐलान किया गया है, किसी भी एक्ट्रेस का जिक्र नहीं किया गया है। इससे पहले फिल्म 'मलंग' में आदित्य और दिशा की जोड़ी नजर आ चुकी है। इस फिल्म में दोनों की कैमेस्ट्री को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। आदित्य इस फिल्म के एक्शन सीन के लिए अपनी बॉडी बना रहे हैं और अलग-अलग तरह के एक्शन को शिद्दत से सीखने में लगे हैं। वहीं, वर्क फ्रंट आदित्य आखिरी बार उन्हें अनुराग बसु के निर्देशन में बनी मल्टी स्टारर फिल्म 'लूडो' में देखा गया था। इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था।



# देश में गुलाम की तरह व्यवहार किए जाने से परेशान कंगना

अभिनेत्री कंगना रनौत अपने ही देश में एक गुलाम की तरह व्यवहार किए जाने से परेशान हो गई हैं। कंगना ने कहा कि अपने ही देश में एक गुलाम की तरह व्यवहार किए जाने के कारण थक गई हूं, हम अपने त्योहार नहीं मना सकते, सच नहीं बोल सकते और अपने पूर्वजों का बचाव नहीं कर सकते, हम आतंकवाद की निंदा नहीं कर सकते।

ऐसे शर्मनाक गुलामी भरे जीवन का क्या मतलब जिसे कोई और नियंत्रित करे, हैशटैग ब्रिंगबैकटूइंडोलॉजी। उन्होंने यह बात एक अकाउंट टू इंडोलॉजी को सस्पेंड करने के कारण ट्विटर और इसके सीईओ जैक डोर्से पर हमला करते हुए कही है। क्योंकि यह अकाउंट भारतीय संस्कृति और इतिहास के बारे में पोस्ट करता है। अभिनेत्री ने इसे ''डिजिटल दुनिया में हत्या'' करार दिया। उन्होंने लिखा कि जब उनके पास आपके सवालों का जवाब नहीं होता है तो वे आपके घर को तोड़ देते हैं, आपको जेल में डाल देते हैं, आपकी आवाज को दबा देते हैं या आपकी डिजिटल पहचान को मार देते हैं। किसी की डिजिटल पहचान को खत्म करना आभासी दुनिया में किसी हत्या से कम नहीं है, इसके खिलाफ सख्त कानून होने चाहिए। हैशटैग ब्रिंगबैकटूइंडोलॉजी। उन्होंने आगे कहा कि ट्विटर और जैक, आपका पूर्वाग्रह और इस्लामवाद का प्रचार शर्मनाक है, आपने टीआईएएक्साइल को निलंबित क्यों किया क्योंकि उसने हमारे इतिहास के बारे में फर्जी बातों का भंडाफोड़ किया आपको शर्म आनी चाहिए, उस दिन की प्रतीक्षा कर रही हूं जब आप भारत में प्रतिबंधित होंगे। आशा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय ट्विटर के खिलाफ कार्रवाई करेगा। अभिनेता रणवीर शौरी ने भी इस अकाउंट के निलंबन पर सवाल उठाया है। उन्होंने लिखा कि यह दूसरी बार है जब ट्विटर इंडिया ने अनुचित रूप से जानकारीपूर्ण और सभ्य ट्विटर हैंडल में से एक को



मुंबई आईं तो लोगों ने कहना शुरू किया कि वह कटरीना जैसी लगती हैं



# अपनी अलग पहचान बनाना चाहती हैं अलिना राय

सोशल मीडिया स्टार और मॉडल अलिना राय अपनी एक अलग पहचान बनाना चाहती हैं। हालांकि वह कई म्यूजिक वीडियोज में नजर आ चुकी हैं, लेकिन अलिना अब फिल्मों में भी काम कर रही हैं। अलिना सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं लेकिन उन्हें असली पहचान बादशाह के म्यूजिक वीडियो 'कमाल है' से बनी।

अलिना ने बताया कि जब वह मुंबई आईं तो लोगों ने कहना शुरू किया कि वह कटरीना जैसी लगती हैं। अलिना का यह भी कहना है कि वह किसी के जैसी नहीं दिखना चाहती हैं बल्कि चाहती हैं कि लोग उन्हें उनके लुक्स से पहचानें। उन्होंने कहा कि वह कटरीना के काम और मेहनत का बहुत सम्मान करती हैं लेकिन वह चाहती हैं बॉलिवुड में उन्हें कटरीना की हमशक्ल नहीं बल्कि अलिना राय के तौर पर ही पहचाना जाए। बता दें कि अलिना ने अभी 2 फिल्में 'सॉरी, आई एम लेट' और 'लखनऊ जंक्शन' साइन की हैं। लखनऊ जंक्शन में अलिना राहुल रॉय और जाकिर हुसैन जैसे कलाकारों के साथ दिखाई देंगी। अलिना इसमें लखनऊ की एक जर्नलिस्ट के किरदार में दिखाई देंगी। वहीं, अलिना की दूसरी फिल्म 'सॉरी, आई एम लेट' में वह एक बिगड़ैल अमीर लड़की का किरदार निभा रही हैं।

## न्यूज. ब्रीफ

### पाकिस्तान में मिला 1300 साल पुराना हिंदू मंदिर, पास में पानी का कुंड भी मौजूद



**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान के स्वात जिले के एक पहाड़ में पाकिस्तानी और इतालवी पुरातात्विक विशेषज्ञों ने 1,300 साल पुराने एक हिंदू मंदिर को खोज निकाला है। बारिकोट घुंडई में खुदाई के दौरान इस मंदिर का पता लगा। वहीं, नजदीक ही एक पानी का कुंड भी मिला है। खैबर पख्तूनख्वा के पुरातत्व विभाग के फजले खलीक ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह मंदिर भगवान विष्णु का है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर 1,300 साल पहले हिंदू शाही काल के दौरान बनाया गया था। हिंदू शाही या काबुल शाही (850-1026 ई) एक हिंदू राजवंश था जिसने काबुल घाटी (पूर्वी अफगानिस्तान), गंधार (आधुनिक पाकिस्तान) और वर्तमान उत्तर पश्चिम भारत में शासन किया था। पुरातत्वविदों को खुदाई के दौरान मंदिर स्थल के पास छावनी और पहरे के लिए मीनारें आदि भी मिले हैं। विशेषज्ञों को मंदिर के पास पानी का कुंड भी मिला है। संभवत: श्रद्धालु पूजा से पहले वहां स्नान करते थे। खलीक ने कहा कि इलाके में पहली बार हिंदू शाही काल के निशान मिले हैं। इटली के पुरातत्व मिशन के प्रमुख डॉ लुका ने कहा कि स्वात जिले में मिला गंधार सभ्यता का यह पहला मंदिर है। स्वात जिले में बौद्ध धर्म के भी कई पूजा स्थल स्थित हैं।

### गिरफ्तार पत्रकार कप्पन को अपने वकील कपिल सिब्बल से मिलने की इजाजत

**नई दिल्ली।** सीजेआई एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने वकील कपिल सिब्बल को जेल में अपने क्लाइंट और केरल के पत्रकार एस कप्पन से मिलने की अनुमति दी, ताकि कप्पल की जमानत की सुविधा के लिए वकालतनामा पर उनके हस्ताक्षर सुनिश्चित किए जा सकें। काप्पन को यूपी पुलिस ने 6 अक्टूबर को हाथरस के रास्ते से गिरफ्तार किया और यूएपीए अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। सोमवार को केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के लिए पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पत्रकार के लिए अंतरिम जमानत मांगी क्योंकि वह 4 अक्टूबर से जेल में है। पीठ ने कहा कि वह पहले राज्य की सुनवाई करना चाहती है और संकेत दिया कि वह मामले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में भेजने का निर्देश दे सकती है। पीठ, जिसमें जस्टिस एएस बोपन्ना और वी रामसुब्रमण्यन भी शामिल हैं ने कहा कि ह्रहम अनुच्छेद 32 की याचिकाओं (मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए राहत प्रदान करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की शक्ति) को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। सिब्बल ने कहा कि यह हिरासत में लिए गए पत्रकार का मामला था और इसी तरह की याचिकाओं को पहले भी देखा गया है। कप्पन पर प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के साथ कथित संबंधों के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### एससी-एसटी समुदाय से लोगों के बाल काटने नाई को पड़े भारी

**मैसूर।** देश में आज भी जाति को देखकर काम किए जाने की सूचना निंदनीय है। मौके-मौके पर ऐसी कई खबरें सामने आती रही हैं, जहां समुदाय देखकर व्यवहार किया जाता है। जाति के निचले पायदान पर खड़े समाजों, खास तौर से दलित समुदाय के लोगों के साथ ऐसा बर्ताव किया जाता है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं, लेकिन उनपर अत्याचार खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। वहीं, अब तो एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां एससी एसटी समुदाय से लोगों के बाल काटने पर भी महाभारत छिड़ गई है। यह ताजा मामला कर्नाटक के मैसूर जिले का है। मैसूर जिले के नंजनगुड तालुक के हालारे गांव में एक परिवार हेयर-कटिंग सैलून चलाता है, जिसका कथित तौर पर सामाजिक रूप से बहिष्कार किया जा रहा है और गांव के नेताओं द्वारा उनसे 50,000 रुपये का जुर्माना देने को कहा गया है। आपको इसके पीछे का कारण जानकर हैरानी होगी कि ऐसा सब सिर्फ नाई द्वारा एससी एसटी समुदाय से लोगों के बाल काटने पर हुआ है। नाई का कहना है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, पहले भी मुझे परेशान किया गया।

### दिल्ली की तर्ज पर एनसीआर के निजी अस्पतालों का सर्वे करें हरियाणा-यूपी

**नई दिल्ली:** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तहत आने वाले जिलों में राजधानी दिल्ली की तर्ज पर निजी अस्पतालों में सर्वे कराने को कहा है।



दिल्ली में कोरोना संक्रमण का प्रकोप बढ़ने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गत 15 नवंबर को एक उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली के सभी निजी अस्पतालों में कोरोना संक्रमण के इलाज की सुविधाओं का आकलन करने के लिए कहा था। इन अस्पतालों का दौरा करने वाली टीमों ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट स्वास्थ्य महानिदेशालय को सौंप दी। गृहमंत्री के निर्देश के बाद पिछले तीन दिनों में दिल्ली के अस्पतालों में 150 आईसीयू बेड बढ़ाएं गए हैं। केंद्रीय पुलिस बलों के अस्पतालों से दिल्ली बुलाए गए 75 डॉक्टरों और 251 चिकित्सा कर्मियों ने गुरुवार से छतरपुर स्थित कोविड अस्पताल और शकूर बस्ती में बनाए गए रेलवे कोच अस्पताल में ड्यूटी जॉइन कर ली। दिल्ली सरकार ने विभिन्न अस्पतालों से रोगियों को इन दोनों कोविड देखभाल केंद्रों में रेफर करने के लिए कहा है।

| प्रेसिडेंट पर भड़के प्रेसिडेंट इलेक्ट: बाइडेन बोले- |

# ट्रम्प अमेरिकी इतिहास के सबसे गैर-जिम्मेदार राष्ट्रपति, जॉर्जिया रीकाउंट में भी हारे ट्रम्प

वॉशिंगटन ■ एजेंसी

प्रेसिडेंट इलेक्ट जो बाइडेन ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार हार न मानने पर अड़े राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फटकार लगाई। बाइडेन ने ट्रम्प को अमेरिकी इतिहास का सबसे गैर जिम्मेदार राष्ट्रपति करार दिया। उन्होंने कहा- हार के बावजूद जिद पर अड़े ट्रम्प देश के लोकतंत्र को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस बीच, जॉर्जिया में हुए रीकाउंट में बाइडेन ने जीत हासिल की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बाइडेन को अब तक कुल 8 करोड़ पॉपुलर वोट यानी जनता के मत मिल चुके हैं। गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान बाइडेन ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार ट्रम्प पर निशाना साधा। हालांकि, इस दौरान भी बाइडेन ने गलत शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया, जो अब तक ट्रम्प उनके खिलाफ करते आए हैं। बाइडेन ने कहा- हाल ही में जो चुनाव हुए, उसमें अमेरिकी नागरिकों ने अपना नजरिया साफ कर दिया। ट्रम्प चुनाव हार चुके हैं, लेकिन जिस तरह का बर्ताव वे कर रहे हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि वे अमेरिकी इतिहास के सबसे गैर-जिम्मेदार राष्ट्रपति साबित हो रहे हैं। एक देश के तौर पर अमेरिका का दुनिया में गलत संदेश जा रहा है।



### अब क्या कर रहे हैं ट्रम्प

बाइडेन ने सवाल किया- अब राष्ट्रपति क्या कर रहे हैं? जिस तरह की चीजें सामने आ रही हैं, उससे स्पष्ट है कि वे जिम्मेदारी नहीं दिखा रहे। हर चीज के कुछ सिद्धांत होते हैं, लेकिन क्या वे जिन कामों को कर रहे हैं या करने के बारे में सोच रहे हैं क्या हम उन्हें कानूनी तौर पर सही मान सकते हैं। एक लोकतांत्रिक देश के तौर पर हमारी जिम्मेदारी है कि हम दुनिया को सही संदेश दें। ये बताएं कि आखिर लोकतंत्र क्या होता है और कैसे काम करता है।

### बाइडेन का इशारा कानूनी मामलों की तरफ

राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आए 17 दिन बीत चुके हैं। बाइडेन के पास 309 इलेक्टोरल वोट्स का समर्थन है। जाहिर है चुनाव स्पष्ट तौर पर बाइडेन ने ही जीता है। जीत के लिए उन्हें सिर्फ 270 इलेक्टोरल वोट्स की जरूरत थी। इसके बावजूद ट्रम्प और उनके समर्थक एक के बाद एक राज्य में चुनावी धांधलियों को आरोप लगाते हुए केस दायर कर रहे हैं। उन्होंने अब तक सब कुछ साफ होने के बावजूद हार स्वीकार नहीं की है। बाइडेन ने गुरुवार को इन्हीं कानूनी मामलों की तरफ इशारा किया और ये साफ कर दिया कि इनका नतीजा कभी ट्रम्प के पक्ष में नहीं होगा।

## डब्ल्यूएचओ में फिर शामिल होगा अमेरिका

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि चीन नियम-कायदे के आधार पर काम करे और ऐलान किया कि अमेरिका फिर से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) में शामिल होगा। बाइडन से चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि चीन जिस प्रकार से काम कर रहा है,




इसके लिए वह उसे दंडित करना चाहते हैं। बाइडन की इस टिप्पणी के बारे में उनसे पूछे जाने पर वह प्रतिक्रिया दे रहे थे। उनसे यह पूछा गया था कि क्या दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर आर्थिक प्रतिबंध लगाया जायेगा या फिर वहां से आयात अथवा निर्यात होने वाली वस्तुओं पर कर बढ़ाया जायेगा। इस साल अप्रैल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका के हटने की घोषणा की थी। बाइडन ने कहा, "मामला चीन को सजा देने का ज्यादा नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने का है कि चीन यह समझे कि उसे नियम-कायदों के अनुसार काम करना होगा। यह एक सामान्य सी बात है।" नवनिर्वाचित राष्ट्रपति गवर्नरों के द्विदलीय समूहों के साथ विलमिंगटन स्थित अपने आवास पर बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह भी एक कारण है कि उनका प्रशासन विश्व स्वास्थ्य संगठन में दोबारा शामिल होने जा रहा है। बाइडन ने कहा कि उनका प्रशासन पहले ही दिन इसमें (विश्व स्वास्थ्य संगठन में) फिर से शामिल होने जा रहा है और इसके सुधार करने की जरूरत है। हमें पेरिस जलवायु समझौते को फिर से शामिल होने की जरूरत है। उन्होंने कहा, "हमें यह सुनश्चित करना है कि शेष विश्व और हम एक साथ आयें और तय करें कि कुछ निश्चित नियम हैं जिन्हें चीन को समझना है।" अमेरिका चीन संबंधों के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का चार साल का कार्यकाल सबसे बुरा दौर था।

## ट्रम्प के अड़ियल रवैये से अफसर भी परेशान, कई पूर्व और वर्तमान सहयोगी अब बाइडेन खेमे में पहुंचे

राष्ट्रपति चुनाव में स्पष्ट हार के बावजूद इसे कबूल करने से इनकार कर रहे डोनाल्ड ट्रम्प अब अकेले पड़ते जा रहे हैं। व्हाइट हाउस में उनके कई पूर्व सहयोगी इससे न सिर्फ नाराज हैं, बल्कि अब पाला भी बदलने लगे हैं। इनमें ज्यादातर वे अफसर या सियासी सहयोगी हैं जिन्हें ट्रम्प ने बर्खास्त किया। ये अफसर अब जो बाइडेन की ट्रांजिशन टीम (सत्ता हस्तांतरण करने वाली टीम) में शामिल होने लगे हैं। ट्रम्प को एक और झटका तब लगा जब जॉर्जिया में उनकी जिद की वजह से हुए रि-काउंट में भी उन्हें मात खानी पड़ी। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प के हार न मानने की जिद अब उन पर भारी पड़ने लगी है। वक्त निकलता जा रहा है। 14 दिसंबर को इलेक्टोरल कॉलेज की मीटिंग होनी है। 20 जनवरी को इनॉगरेशन परेड यानी शपथ होनी है। ऐसे में जनरल एडमिनिस्ट्रेशन के अफसर परेशान हैं कि वे क्या करें, क्योंकि ट्रम्प हार मानने तैयार नहीं हैं। बाइडेन की टीम को फेडरल टीम्स से इनपुट नहीं मिल रहे हैं। इंटेलिजेंस एजेंसीज भी उन्हें जानकारी नहीं दे पा रही हैं। ब्यूरोक्रेट्स नाराज है। अफसरों का माना है कि अब शक की कोई गुंजाइश नहीं है और ट्रम्प को हार मान लेनी चाहिए। ताजा डेवलपमेंट्स के बाद अफसर बाइडेन खेमे से संपर्क करने लगे हैं। हालांकि, औपचारिक तौर पर इसका ऐलान नहीं किया गया है। कुछ अफसर ऐसे हैं जिन्हें ट्रम्प ने निकाल दिया था। अब ये बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन में फिर नजर आ रहे हैं। एक अफसर ने सीएनएन से कहा- हमें कोई लालच नहीं है। लेकिन, हम बाइडेन की



मदद करने के लिए तैयार हैं। बाइडेन के एक एडवाइजर ने भी माना कि कुछ पूर्व और वर्तमान अफसरों ने उनसे संपर्क किया है। लेकिन, इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। ट्रम्प की डिप्टी कैम्पेन मैनेजर केट बेडिंग्लेफील्ड ने कहा- हम चाहते हैं कि अमेरिकी नागरिकों को इफेक्टिव एडमिनिस्ट्रेशन मिले।

### कर्मचारियों को धमकी

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प के सहयोगी व्हाइट हाउस के स्टाफ को धमकी दे रहे हैं कि वे बाइडेन की टीम से संपर्क न करें। हेल्थ डिपार्टमेंट के चीफ एलेक्स अजार ने गुरुवार को कहा- जब तक जनरल एडमिनिस्ट्रेशन हमें यह ऑर्डर जारी नहीं करती कि हम बाइडेन की टीम को जानकारी देना शुरू करें। तब तक हम ये नहीं कर सकते। इस बारे में फिलहाल फैसले का अधिकार तो राष्ट्रपति ट्रम्प के ही पास है। ट्रम्प ने पिछले दिनों डिफेंस सेक्रेटरी मार्क एस्पर को बर्खास्त कर दिया था। माना जाता है कि एस्पर ने ट्रम्प के कई फैसलों का विरोध किया था और ट्रम्प इससे नाराज थे। अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि मार्क बाइडेन के भी डिफेंस सेक्रेटरी या एडवाइजर बनाए जा सकते हैं। इसकी वजह यह है कि उन्हें इस सेक्टर का ताजा अनुभव है।

### बेरोजगारों को मिला रोजगार

इरीविना में हार्वेस्ट फुड बैंक के बाहर खाने के पैकेट पैक करते हुए। इन्हें कोरोना के कारण बेरोजगार हुए लोगों में बांटा जाएगा।



## जम्मू-कश्मीर में कभी नहीं हो सकती अनुच्छेद-370 की फिर से बहाली: शाहनवाज हुसैन

जम्मू ■ एजेंसी

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की कभी भी बहाली नहीं हो सकती। जम्मू-कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं और ये उनका अधिकार है। पीपुल्स एलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन को गुपकार गैंग करार देते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं।

जिला विकास परिषद के चुनावों में पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार के लिए कश्मीर पहुंचे शाहनवाज हुसैन ने शुक्रवार श्रीनगर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हालात काफी बदल चुके हैं।हम जम्मू-कश्मीर के लोगों के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं। जम्मू-कश्मीर में विकास का नया अध्याय शुरू हुआ है।




कोरोना के कारण कई प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो पाए थे लेकिन अब वे जल्द शुरू हो रहे है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद पहली बार कश्मीर पहुंचे हुसैन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में देश के अन्य भागों की तरह विकास को तेज गति मिलेगी और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा है। भाजपा वंशवाद शासन के खिलाफ है। कुछ परिवारों ने कश्मीर में सत्ता पर कब्जा बनाए रखा और आम लोगों को आगे नहीं आने दिया।

पिछले साल पांच अगस्त को लिए गए फैसले को गुपकार गैंग ने भी मान लिया है क्योंकि वे अब जिला विकास परिषद के चुनाव में भाग ले रहे हैं। फारूक अब्दुल्ला हमेशा ही दिल्ली और श्रीनगर में अलग-अलग भाषा बोलते रहे हैं। अब ये एलायंस अनुच्छेद 370 को वापस लाने के मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर रहा है। अनुच्छेद 370 कभी वापस नहीं आ सकता। जो चीज मर जाती है, वो कभी जिंदा नहीं होती।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर प्रवर्तन निदेशालय ने सुको को दिया आश्वासन, चंदा कोचर के खिलाफ नहीं करेगा ठोस कार्रवाई

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया कि वह मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ और एमडी चंदा कोचर के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति एस के कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को सूचित किया कि आईसीआईसीआई बैंक और वीडियोकॉन समूह के लोन मामले में पंजीकृत ईसीआईआर के अनुसरण में एजेंसी कोई ठोस कदम नहीं उठाएगी। पीठ ने



जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और ह्रषिकेश रॉय को भी शामिल किया और कहा कि यह बाद में चंदा कोचर द्वारा दायर दो अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। जो मामले में उसके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को चुनौती देगा। प्रवर्तन निदेशालय ने हाल ही में चंदा कोचर, दीपक कोचर और वीडियोकॉन ग्रुप के प्रमोटर वेणुगोपाल धूत के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में चार्जशीट दायर की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चंदा कोचर, वेणुगोपाल धूत और अन्य ने आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा था कि चार्जशीट या अभियोजन की शिकायत मुंबई में एक विशेष अदालत के समक्ष मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के तहत दायर की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कोचर, धूत और अन्य के खिलाफ सीबीआई द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग के आपराधिक मामले को दर्ज करने के बाद सितंबर में दीपक कोचर को गिरफ्तार किया था।

## दुनियाभर में कोरोना से 13.71 लाख लोगों की मौत अब तक 5.75 करोड़ लोग हो चुके हैं संक्रमित

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ते हुए 5.75 करोड़ के पार हो गई है। इस महामारी से अब तक 13.71 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। पूरे विश्व में दर्ज किये गए कोरोना के कुल मामलों में से लगभग 48 प्रतिशत मामले अमेरिका, भारत और ब्राजील के हैं। इस महामारी से संक्रमित लोगों और मृतकों की संख्या के मामले में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमश- अमेरिका, भारत और ब्राजील है। इस संक्रमण से तेजी से मुक्त होने वाले लोगों की संख्या के मामलों में भारत, ब्राजील और अमेरिका क्रमश- पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व के 190 देशों में कोरोना वायरस से अब तक 57,514,482 लोग संक्रमित हुए हैं और 13,71,583 लोगों की मौत हुई है। कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित, अमेरिका, इस महामारी से संक्रमितों और मृतकों के मामले में पहले स्थान पर है। संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों के मामले में यह तीसरे स्थान पर है। अमेरिका में अब तक 11,908,396 लोग संक्रमित



हुए हैं और 254,383 मरीजों की मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 46,232 नए मामले सामने आए और संक्रमितों की संख्या करीब 90 लाख के पार पहुंच गयी। स्वस्थ होने वालों की संख्या 84.78 लाख से अधिक हो गयी है, जबकि 564 मरीजों की मौत के साथ मृतकों का आंकड़ा 1,32,736 हो गया। देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या में 3483 केसों की कमी के बाद अब सक्रिय मामले 4,43,794 हो गए है। ब्राजील कोरोना संक्रमितों के मामले में तीसरे स्थान पर और इससे मुक्ति पाने और मृतकों के आंकड़े में दूसरे स्थान पर है। देश में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 60.20 लाख से पार हो गयी है जबकि 168,613 लोग काल के गाल में समा गए हैं।फ्रांस में अब तक 21.60 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हुए हैं और 48,341 मरीजों की मौत हो चुकी है।

**झटका** — भारत को राफेल देने वाले फ्रांस ने पाकिस्तान को दिया तगड़ा झटका

# मिराज-सबमरीन को नहीं करेगा अपग्रेड

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

पैगंबर मोहम्मद के विवादित कार्टून मामले में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मेक्रों पर निशाना साधने वाले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान को तगड़ा झटका लगा है। यह झटका फ्रांस ने दिया है। दरअसल, फ्रांस ने तय किया है कि वह पाकिस्तान के मिराज फाइटर जेट्स, एयर डिफेंस सिस्टम, अगोस्टा 90बी क्लास सबमरीन्स को अपग्रेड नहीं करेगा। इस पूरे मामले की जानकारी रखने वालों ने सहयोगी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स को यह जानकारी दी है। इसके अलावा, फ्रांस ने कतर, जोकि राफेल फाइटर जेट्स का खरीदार है, से कहा है कि विमान के लिए किसी भी पाकिस्तानी टेक्नीशियन को काम न करने दे। फ्रांस की आशंका है कि कहीं पाकिस्तानी टेक्नीशियन चोरी-छिपे फाइटर जेट्स की अहम जानकारियों को इस्लामाबाद को न बता दें।




पाकिस्तान पहले भी अपनी इन हरकतों के लिए जाना जाता रहा है और चीन के साथ डिफेंस डाटा को शेयर करता रहा है। फ्रांस पहले से ही पाकिस्तानी नागरिकों को शरण देने के लिए उनकी कठोर तरीके से जांच कर रहा है। हाल ही में विवादास्पद चार्ली हेब्दो मैगजीन के पुराने पेरिस दफ्तर के बाहर चाकू मारने की घटना सामने आई थी। सितंबर महीने में, पाकिस्तान के 18 वर्षीय अली हसन ने मैगजीन के दफ्तर के बाहर दो लोगों को चाकू मार दिया था। बाद में, उसके पिता ने एक लोकल न्यूज चैनल से कहा था कि उनके बेटे ने काफी अच्छा काम किया है और वे इस हमले से काफी खुश हैं।

भारतीय विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला को फ्रांसीसी सरकार के फैसलों के बारे में तब बताया गया था, जब उन्होंने 29 अक्टूबर को पेरिस का दौरा किया था। इसके पहले, फ्रांस में आतंकी हमले को लेकर नई दिल्ली ने फ्रांस के साथ खड़े होकर निंदा की थी। फ्रांस ने भी श्रृंगला को आश्वस्त किया कि वह अपने रणनीतिक सहयोगी की सुरक्षा चिंताओं के प्रति बहुत संवेदनशील है और उसने भारत की सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर निर्यात नियंत्रण शासन के तहत पाकिस्तान मूल के टेक्नीशियंस को राफेल लड़ाकू जेट से दूर रखने के बारे में निर्देश जारी किए थे।

### पाकिस्तानी वायुसेना पर पड़ सकता है फ्रांस के फैसले का असर

वहीं, मिराज 3 और मिराज 5 फाइटर जेट्स को अपग्रेड नहीं करने के फ्रांसीसी सरकार के फैसले का असर पाकिस्तानी वायुसेना पर पड़ा सकता है। पाकिस्तान के पास 150 मिराज फाइटर जेट्स हैं, जिसे फ्रांस की दसॉ एविएशन ने बनाया है। हालांकि, इसके आधे ही पाकिस्तानी वायुसेना के सेवा में हैं।

# विराट दूसरे भारतीय जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी के घर में सबसे ज्यादा रन बनाए

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहुंच चुकी है। यहां दोनों टीमों के बीच 3 वनडे, 3 टी-20 और 4 टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी। वहीं, भारतीय कप्तान विराट कोहली पहले टेस्ट के बाद पैटरनिटी लीव पर चले जाएंगे। वे जनवरी में पिता बन जाएंगे। ऐसे में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन समेत कई दिग्गजों का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी हो जाएगा। यदि आंकड़ों को देखें तो यह सही भी लगता है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी के घर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीयों में सचिन तेंदुलकर के बाद विराट कोहली दूसरे नंबर पर हैं। सचिन ने 20 टेस्ट की 38 पारियों में 53.20 की औसत से 1809 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली ने 12 टेस्ट की 23 पारी में 1274 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 55.39 का रहा। भारतीय कप्तान कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में 6 टेस्ट खेले, जिसकी 11 पारियों में 731 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 4 शतक भी जड़े। कोहली ने बतौर कप्तान पहले ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया था।



### बतौर कप्तान ऑस्ट्रेलिया में कोहली टॉप स्कोरर

वहीं, बतौर भारतीय कप्तान कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा 731 रन बनाए हैं। इस मामले में उन्होंने सचिन, सौरव गांगुली और महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गजों को भी पीछे छोड़ दिया है। धोनी ने ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट की 10 पारियों में 21.25 की औसत से 170 रन बनाए हैं। वे टॉप स्कोरर में 7वें नंबर पर हैं। उनसे आगे अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने धोनी से एक टेस्ट कम खेलकर 29.83 की औसत से 179 रन बनाए हैं।

### भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ 7 टेस्ट जीती

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 98 टेस्ट खेले गए हैं। इसमें टीम इंडिया ने 28 मैच जीते और 42 हारे हैं। एक मुकाबला टाई और 27 टेस्ट ड्रॉ खेले गए हैं। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया से उसके घर में 48 टेस्ट खेले, जिसमें से 7 जीते और 29 हारे हैं। 12 टेस्ट ड्रॉ खेले गए।

### ऑस्ट्रेलिया में भारत ने सिर्फ 1 टेस्ट सीरीज जीती

दोनों टीम के बीच अब तक 26 टेस्ट सीरीज खेली गई। इसमें टीम इंडिया ने 9 सीरीज जीती और 12 हारी हैं। 5 सीरीज ड्रॉ खेली गई। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया से उसके घर में 12 टेस्ट सीरीज खेली, जिसमें से सिर्फ 1 सीरीज जीती और 8 हारी हैं। 3 टेस्ट सीरीज ड्रॉ खेली गई। टीम इंडिया ने यह सीरीज दिसंबर 2018 में जीती थी।

# रोहित की जगह आने वाले राहुल से होगी परेशानी : मैक्सवेल

मुंबई ■ एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के नहीं होने से उनकी टीम को लाभ होगा। साथ ही कहा कि रोहित की जगह शामिल बल्लेबाज लोकेश राहुल से उनकी टीम को सावधान रहना होगा। मैक्सवेल ने कहा कि राहुल भी काफी अच्छे खिलाड़ी हैं। मैक्सवेल ने कहा, वह रोहित एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है, वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर निरंतर अच्छा रहा है जिसमें उसने दो तीन दोहरे शतक लगाये हैं। इसलिए अगर वह आपके खिलाफ लाइन-अप में नहीं हैं तो यह काफी सकारात्मक बात है। तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 27 नवंबर से शुरू होगी जिसके बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी। मैक्सवेल अनुसार रोहित के बैक-अप के तौर पर राहुल भी काफी अच्छे खिलाड़ी हैं। हमने इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान राहुल का प्रदर्शन देखा। वह पारी का आगाज करे या नहीं, मुझे पूरा भरोसा है कि वह भी उतना ही अच्छा खिलाड़ी होगा। रोहित की अनुपस्थिति में उम्मीद है कि शिखर धवन के साथ मयंक अग्रवाल पारी की शुरूआत करें क्योंकि राहुल के मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने की उम्मीद है हालांकि मैक्सवेल को मयंक और राहुल की सलामी जोड़ी काफी पसंद है जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चरण के दौरान काफी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि मयंक और राहुल बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वे विकेट के चारों ओर रन बनाते हैं और उनकी कमजोरियां भी काफी कम हैं।



वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप: ऑस्ट्रेलिया-भारत टॉप पर काबिज

# पॉइंट्स के परसेंटेज के आधार पर तय होंगे दोनों फाइनलिस्ट, आईसीसी ने लगाई मुहर

- पॉइंट्स परसेंटेज की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया पहले और भारतीय टीम दूसरे नंबर पर आ गई

सिडनी ■ एजेंसी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनलिस्ट तय करने के लिए नए नियम पर मुहर लगा दी है। आईसीसी पॉइंट्स के परसेंटेज के आधार पर टॉप-2 टीम तय करेगा। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकइंफो के मुताबिक, मामले पर क्रिकेट कमेटी की सिफारिशों को आईसीसी ने मान लिया है और अब नई रैंकिंग इस आधार पर ही तय की जाएगी। नई रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया टॉप पर और भारत दूसरे नंबर पर आ गया है।

आईसीसी की सोमवार से शुरू हुई आखिरी क्वाटरली मीटिंग में चीफ एग्जीक्यूटिव कमेटी और क्रिकेट कमेटी द्वारा इसपर फैसला लिया गया। आईसीसी के चीफ एग्जीक्यूटिव मनु साहनी ने कहा कि क्रिकेट कमेटी और चीफ एग्जीक्यूटिव कमेटी दोनों ने इस नए सिस्टम को सपोर्ट किया है। ये कोरोना के कारण टेस्ट न खेल पाने वाली टीमों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। हमने कई ऑप्शन पर विचार किया, लेकिन कमेटी को ये ऑप्शन बेस्ट लगा। पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली दो टीमें जून में होने वाले फाइनल में आमने-सामने होंगी। पॉइंट्स परसेंटेज की बात करें, तो ऑस्ट्रेलिया 82.22% के साथ पहले, भारत 75% के साथ दूसरे और इंग्लैंड 60.83% के साथ तीसरे स्थान पर आ गई है। वहीं, पॉइंट्स में भारत पहले और ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर था।



### फाइनल की रेस में बनीं टीमों पर नहीं पड़ेगा असर

इस नए परसेंटेज सिस्टम से फाइनल की रेस में बनीं टीमों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। न्यूजीलैंड के लिए यह ऑप्शन सबसे बेहतरीन साबित हो सकता है। कीवी टीम को अपनी दोनों टेस्ट सीरीज पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने ही देश में खेलनी है। न्यूजीलैंड ने अपने देश में पिछले 6 टेस्ट मैच जीते हैं और अगर वह पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप कर 240 पॉइंट्स हासिल कर ले, तो उसके कुल 420 पॉइंट्स हो जाएंगे।

### सीरीज में टेस्ट मैचों की संख्या पर मिलते हैं पॉइंट्स

हर टेस्ट सीरीज के 120 पॉइंट्स होते हैं। सीरीज में कुल मैचों की संख्या के आधार पर पॉइंट्स बांटे जाते हैं। दो मैचों की सीरीज में एक मैच जीतने पर टीम को 60 पॉइंट्स मिलते हैं। वहीं, मैच ड्रॉ रहने पर 30 पॉइंट्स मिलते हैं। 3 मैचों की श्रृंखला में एक मैच जीतने पर टीम को 40 और मैच ड्रॉ रहने पर 20 पॉइंट्स मिलते हैं। चार मैचों की सीरीज में टीम को जीतने पर 30 और ड्रॉ रहने पर 15 पॉइंट्स मिलते हैं। वहीं, 5 मैचों की सीरीज में जीतने पर 24 और ड्रॉ रहने पर 12 पॉइंट्स मिलते हैं।

### ऐसे निकालेंगे पॉइंट्स परसेंटेज



पॉइंट्स परसेंटेज निकालने के लिए प्राप्त पॉइंट को कुल पॉइंट से डिवाइड किया जाता है। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी टीम ने कुल 6 सीरीज खेलीं और 4 सीरीज में क्लीन स्वीप किया, तो उसके कुल 720 में से 480 पॉइंट्स हुए। इसके मुताबिक, पॉइंट्स परसेंटेज 66.67% हुआ।

### मार्च, 2021 तक सभी टीमों को 6 टेस्ट मैच सीरीज में भाग लेना था

बता दें कि टेस्ट खेलने वाले 9 देशों को 2019 से मार्च, 2021 तक 6-6 सीरीज खेलनी थी। लेकिन, कोविड-19 की वजह से इस साल कई सीरीज रद्द करनी पड़ी। भारत, इंग्लैंड और पाकिस्तान ने 4-4, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने 3-3 सीरीज खेलीं हैं। वहीं, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश सिर्फ 2-2 टेस्ट सीरीज ही खेल पाई है।

## न्यूज. ब्रीफ

### आर अश्विन ने पाक कप्तान बाबर आजम की जमकर तारीफ की

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले हमेशा ही तनाव भरे होते हैं पर दोनो देशों के खिलाड़ी एक दूसरे की तारीफ करते रहे हैं। अब भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाक कप्तान बाबर आजम की जमकर प्रशंसा की है। अश्विन ने बाबर को एक मिलियन डॉलर का खिलाड़ी बताया है। अश्विन ने कहा, बाबर एक मिलियन डॉलर के खिलाड़ी की तरह दिखते हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शतक बनाया है। उसे इतने अच्छे से बल्लेबाजी करते देखना बहुत अच्छा है। वहीं आप बाबर आजम के बारे में क्या सोचते हैं? इस पर पाक क्रिकेटर इंजमाम उल हक कहते हैं कि वह अच्छा खिलाड़ी है। उसके पास जिस तरह की प्रतिभा है, उसे और भी बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। उन्होंने केवल 5 साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला है। एक बल्लेबाज 7 या 8 साल के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के बाद अपने चरम पर पहुंचता है, इसलिए बाबर को अपने चरम पर पहुंचना बाकी है और वह आने वाले वर्षों में और भी बेहतर करेगा। बाबर आजम अभी दुनिया के शीर्ष बल्लेबाजों में से एक हैं। इस खिलाड़ी को सभी प्रारुपों में शीर्ष 10 में शामिल किया गया है। इस बल्लेबाज ने टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 में 50 की औसत से रन बनाते हुए 6000 से ज्यादा रन बनाये हैं।



### बड़ी नीलामी की ओर न जाएं मुंबई इंडियंसः आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे आकाश चोपड़ा ने कहा है कि मुंबई इंडियंस को किसी बड़ी नीलामी की इजाजत नहीं देनी चाहिये। इसका कारण है कि मुंबई की टीम अभी अच्छी है और बड़ी नीलामी की हालत में उसे नुकसान हो सकता है। उन्होंने साथ ही कहा, "यदि बड़ी नीलामी होती है तो आप 5-6 खिलाड़ियों को ही रिटेन (बरकरार) रख सकते हैं, तब कुछ बदलाव निश्चित रूप से होंगे। वे सभी खिलाड़ियों को रिटेन नही कर पाएंगे। उनके पास सभी अच्छे खिलाड़ी हैं तो उन्हें कुछ खिलाड़ी छोड़ने ही होंगे।" चोपड़ा ने कहा, "यदि एक बार चीजे बदलती हैं तो पूरी कहानी बदल जाएगी। इसलिए यह टीम नहीं चाहेगी कि बड़ी नीलामी हो। कम से तीन साल, क्योंकि उनकी टीम अभी जमी हुई है।" उन्होंने कहा, "इस समय मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों और दूसरी टीम के खिलाड़ियों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। लिहाजा मैं मुंबई से 2021 में भी यही उम्मीद करूंगा कि वह अच्छा प्रदर्शन करें।"



### विराट के पितृत्व अवकाश के फैसले को सही मानते हैं वीवीएस लक्ष्मण

**नई दिल्ली।** पूर्व स्टायलिश बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने पितृत्व अवकाश लेने का जो फैसला किया है वह सही है। लक्ष्मण ने कहा कि जब मेरी बेटी का जन्म होना था तो मैंने भी अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए कुछेक रणजी मैच छोड़े थे। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण भावना है, खासकर जब आप अपना पहला बच्चा पाने जा रहे हो तब। लक्ष्मण ने कहा, मेरा मानना है कि आपको इसका सम्मान करना होगा। हां, अंततः आप एक पेशेवर क्रिकेटर है, लेकिन साथ ही आप एक पारिवारिक व्यक्ति भी हैं, और आप यह भी सम्मान करते हैं कि आपके परिवार के लिए क्या अच्छा है और आपके परिवार के लिए क्या अच्छा है। इसलिए, मेरा मानना है कि हमें उस निर्णय का सम्मान करना होगा। यह आपके जीवन का बहुत महत्वपूर्ण चरण है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर इससे पड़ने वाले प्रभाव पर लक्ष्मण ने कहा कि इसमें तो कोई संदेह ही नहीं है। दोनों टीमें काफी आक्रामक है। हर टीम को अपनी भूमिका मिली है।



# अमेजन सहित सभी पोर्टल का विरोध करेंगे कारोबारी

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

देशभर में 40 दिन तक अमेजन सहित सभी ई-कॉमर्स पोर्टल का विरोध किया जाएगा। देशभर के कारोबारियों के सबसे बड़े संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने यह घोषणा की है। कैट का आरोप है कि ई-कॉमर्स कंपनियां अपनी मनमानी करने के साथ ही एफडीआई (एफडीआई) पॉलिसी का उल्लंघन कर रही हैं। इसी के खिलाफ देशभर में 20 नवंबर से 31 दिसंबर तक 40 दिन के आंदोलन का ऐलान कर दिया गया है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने नई दिल्ली में आंदोलन की घोषणा करते हुए कहा की इस आंदोलन का उद्देश्य उन ई-कॉमर्स कंपनियों को बेनकाब करना है जो सरकार की नीतियों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, देश के रिटेल व्यापार पर कब्जा करने के मंसूबे पाले हुए हैं। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि आंदोलन के दौरान हमारी कुछ मांगे भी हैं। जैसे केंद्र सरकार ई-कॉमर्स पालिसी की तुरंत घोषणा करे, ई-कॉमर्स रेगुलेटरी अथॉरिटी का गठन करे, एफडीआई पॉलिसी के प्रेस नोट 2 की खामियों को दूर कर एक नया प्रेस नोट जारी करे। वहीं केंद्र सरकार के साथ ही सभी राज्य सरकार इन कंपनियों को अपने राज्य में माल बेचे जाने से रोकें। उन्होंने यह भी कहा कि अनेक बैंक भी इनके पोर्टल पर खरीद करने पर कई तरह के कैश बैक और डिस्काउंट देकर इन कंपनियों के साथ अनैतिक गठबंधन में शरीक हैं।



# अगले साल एशिया पेसिफिक में सबसे ज्यादा बढ़ेगा वेतन

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

साल 2020 भले ही कोरोना के कारण बर्बाद हो गया हो लेकिन एशिया रीजन के कर्मचारियों के लिए साल 2021 जरूर अच्छा साबित होने वाला है। ऐसा अनुमान है कि दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में एशिया में साल 2021 में वेतन सबसे ज्यादा बढ़ेगा। कंसल्टेंसी फर्म ईसीए इंटरनेशनल द्वारा जारी एक नई सैलरी रिपोर्ट के अनुसार एशिया में इस साल बढ़ने वाली सैलरी का औसत पिछले साल के 3.2 प्रतिशत की तुलना में अगले साल 4.3 प्रतिशत तक रह सकता है!

मुद्रास्फीति के आंकलन के बाद अगर औसत वृद्धि की बात करें तो यह 1.7 प्रतिशत तक रह सकता है जो वैश्विक वृद्धि के 0.5 प्रतिशत के आंकड़े से कहीं ज्यादा है! रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में वास्तविक वेतन वृद्धि के स्तर में कुछ देशों में महत्वपूर्ण वृद्धि भी देखने को मिल सकती है। टॉप 10 देशों में इंडोनेशिया को पहले पायदान पर जगह मिली है, जहां साल 2021 में औसत वेतन वृद्धि 3.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो साल 2020 के 2.6 प्रतिशत से काफी ज्यादा है।

इजराइल को दूसरे पायदान पर जगह मिली है जिसकी औसत वृद्धि 2.8 प्रतिशत के आस-पास रहने की उम्मीद है। 2.7 प्रतिशत की औसत वृद्धि के साथ कोलंबिया इस सूची में शामिल एकमात्र गैर-एशियाई देश है। वार्षिक रूप से आयोजित होने वाले सर्वे अगस्त से सितंबर महीने में 68 देशों के 370 मल्टीनेशनल इम्पलायर्स से पूछे गए सवालों पर आधारित होता है। ईसीए इंटरनेशनल के एशिया के क्षेत्रीय निदेशक ली क्वाने ने कोरोना वायरस संकट के बावजूद इस वृद्धि के लिए कई एशियाई देशों में उत्पादकता में हुई निरंतर वृद्धि को इसका कारण बताया है।

# पर्सनल एक्सीडेंट कवर- एक रुपए प्रतिदिन का प्रीमियम और तुरंत क्लेम भी मिलना शुरू हो जाता है



- कोई घातक या गंभीर चोट के गंभीर वित्तीय परिणाम भी हो सकते हैं। इसलिए आपको ऐसे बीमा कवर जरूरी हैं
- यह सोचना बहुत आसान है कि मेरे साथ कभी कुछ नहीं होगा, लेकिन दुर्घटना और चोट कभी भी लग सकती है

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

यह सोचना बहुत आसान है कि मेरे साथ कभी कुछ नहीं होगा, लेकिन दुर्घटना और चोट कभी भी लग सकती है। इसका दूरगामी प्रभाव भी आपके ऊपर पड़ सकता है। इसलिए यह सोचना जरूरी है कि अगर आपके साथ कोई गंभीर दुर्घटना घटी तो आपके और आपके परिवार के सदस्यों का क्या होगा। चूंकि कोई घातक या गंभीर चोट के गंभीर वित्तीय परिणाम भी हो सकते हैं। इसलिए यह सलाह दी जाती है कि ऐसी किसी भी स्थिति से बचने के लिए एक उपयुक्त व्यक्तिगत दुर्घटना कवर होना आवश्यक है। व्यक्तिगत दुर्घटना कवर एक बेनिफिट पॉलिसी है जो आपको दुर्घटना के कारण मृत्यु या विकलांगता के जोखिम के खिलाफ कवर करती है। किसी दुर्घटना से पूरी तरह से या आंशिक रूप से विकलांगता हो सकती है। इससे आपके परिवार के सदस्यों की वित्तीय स्थिरता में बाधा आ सकती है। ऐसी स्थिति में जीवन बीमा पॉलिसी कवरेज प्रदान नहीं करती है। एक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी केवल अस्पताल में भर्ती होने वाले खर्चों को कवर करती है।

### पॉलिसी आपको सुरक्षित रखती है

एक व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी आपको ऐसी किसी अचानक आने वाली स्थितियों के मामले में सुरक्षित रखती है। यह पॉलिसी काफी सस्ती है। 15 लाख रुपए का कवर आपको प्रति दिन एक रुपए के प्रीमियम पर मिल सकता है। यह वार्षिक आधार पर उपलब्ध है। हर वर्ष इसे रिन्यू करने की आवश्यकता होती है। इसके अलावा बिना किसी प्रतीक्षा अवधि के इसका कवरेज पहले ही दिन से शुरू हो जाता है।

### वास्तव में क्या कवर करता है

यदि किसी दुर्घटना के कारण विकलांगता या मृत्यु हो जाती है तो ऐसी स्थिति में एक व्यक्तिगत दुर्घटना (पर्सनल एक्सीडेंट) कवर आपको और आपके परिवार के सदस्यों को वित्तीय मदद प्रदान करता है। यहां ज्यादा चोट से कोई मतलब नहीं होता। सड़क दुर्घटना या साइकिल से गिरने और हाथ तोड़ने या फुटबॉल खेलते समय पैर में फ्रैक्चरिंग जैसी छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं के खर्च को इस पॉलिसी के तहत कवर किया जाता है। आकस्मिक मृत्यु और पूरी तरह से विकलांगता (कोमा या पक्षाघात के रूप में) जैसी स्थिति के लिए यह कवरेज सबसे महत्वपूर्ण हैं। आपको अस्थायी विकलांगता की संभावना को अनदेखा बिलकुल नही करना चाहिए, जो आपकी नियमित आय में सेंध लगा सकता है। कम कीमत पर इन बुनियादी कवर्स का चयन करना एक बुद्धिमानी भरा वित्तीय निवेश है जो अपने परिवार को बाद में आ सकने वाले संकटों से बचाने के लिए होता है।

# सेबी ने सहारा प्रमुख से कहा, गिरफ्तारी से बचना है तो 626 अरब रु. करें जमा

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

देश की पूंजी बाजार नियामक शीर्ष संस्था सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में सहारा ग्रुप प्रमुख सुब्रत रॉय को सीधे 626 अरब रुपये (8.43 बिलियन डॉलर) का भुगतान करने का निर्देश दिया है। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो उनकी पैरोल रद्द करने के लिए कहा है। अदालती फाइलिंग के अनुसार भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि सहारा इंडिया परिवार समूह की दो कंपनियों और समूह के प्रमुख रॉय पर बकाया ब्याज सहित 626 अरब रुपये है। उन्हें आठ साल पहले 257 अरब रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया था लेकिन अब ब्याज के बाद उनकी देनदारी बढ़ गई है। 2012 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि सहारा समूह की कंपनियों ने प्रतिभूति कानूनों का उल्लंघन किया और अवैध रूप से 3.5 बिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान किया। कंपनियों ने उन लाखों भारतीयों से पैसे जुटाए गए जो बैंकिंग सुविधाओं का लाभ नहीं उठा सकते थे। सेबी निवेशकों का पता नहीं लगा सका और जब सहारा कंपनियां भुगतान करने में विफल रहीं, तो अदालत ने रॉय को जेल भेज दिया। सहारा समूह ने गुरुवार को एक ईमेल बयान में कहा कि सेबी द्वारा यह पूरी तरह से गलत मांग है। बयान के अनुसार, सेबी ने शरारती रूप से 15 प्रतिशत ब्याज जोड़ा है और यह दोहरे भुगतान का मामला है क्योंकि कंपनियों ने निवेशकों को पहले ही भुगतान कर दिया है। रॉय का मामला नेटफ्लिक्स श्रृंखला बैड बॉय बिलियनेयर्स में चित्रित किया गया है। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और बिजनेस टायकून की कहानियों पर आधारित है जो अपना बकाया चुकाने में विफल रहे। रॉय एक समय में एयरलाइन, फॉर्मूला वन टीम, क्रिकेट टीम, लंदन और न्यूयॉर्क में आलीशान होटल और वित्तीय कंपनियों के मालिक थे, वह दो साल से अधिक समय तक जेल में रह चुके हैं।

# सोने में 65 रुपये, चांदी में 298 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 65 रुपये और चांदी 298 रुपये की तेजी के साथ बंद हुआ। जानकारों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी का असर घरेलू बाजार पर दिखा है। सोना भाव 65 रुपये बढ़कर 49,551 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा जबकि चांदी भाव 298 रुपये की तेजी के साथ 61,232 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। वहीं पिछले सत्र के कारोबार में इनका भाव क्रमशः 49,486 रुपये प्रति 10 ग्राम और 60,934 रुपये प्रति किलोग्राम था। हाजिर बाजार में दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 65 रुपये तेज रहा। इसकी वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में सुधार का असर घरेलू बाजार पर होना है। वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 1,868 और चांदी भाव 24.15 डॉलर प्रति औंस रहा।

# सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के लिए कृषि मंत्रालय से 3,971.31 करोड़ स्वीकृत



नई दिल्ली ■ ब्यूरो

भारत सरकार के कृषि मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को लागू करने के लिए 3,971.31 करोड़ रुपये के ऋण को स्वीकृति दी है, जिसके लिए सब्सिडी दी जाएगी और सबसे अधिक ऋण तमिलनाडु के लिए मंजूर किया गया है। सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को लागू करने के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के तहत बनाए गए सूक्ष्म सिंचाई कोष(एमआईएफ) के तहत ब्याज छूट के साथ कर्ज दिया जा रहा है। वर्ष 2019-20 में चालू किए गए इस फंड की कुल राशि 5,000 करोड़ रुपये है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एमआईएफ की संचालन समिति ने 3,971.31 करोड़ रुपये के ऋण के लिए परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसमें तमिलनाडु के लिए सबसे अधिक 1,357.93 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया गया है, जिसके बाद हरियाणा के लिए 790.94 करोड़ रुपये, गुजरात के लिए 764.13 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश के लिए 616.13 करोड़ रुपये, पश्चिम बंगाल के लिए 276.55 करोड़ रुपये, पंजाब के लिए 150 करोड़ रुपये और उत्तराखंड के लिए 15.63 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। हालांकि, नाबार्ड ने अभी तक राज्यों को कुल 1,754.60 करोड़ रुपये की ऋण राशि जारी की है। इसमें से लगभग 659.70 करोड़ रुपये हरियाणा, तमिलनाडु और गुजरात को दिए गए हैं।

लांचिंग — दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने पहले चरण का रूपे कार्ड पिछले साल अगस्त में लांच किया था

# रूपे का भूटान में दूसरा चरणः भूटानियों को भारत में रूपे का मिलेगा फायदा, मोदी और भूटान के पीएम ने लांच किया रूपे

- रूपे कार्ड को 2014 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान नियम ने विकसित किया है

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

अब भूटान के लोग भी भारत में रूपे नेटवर्क का फायदा ले सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने आज दूसरे चरण का रूपे कार्ड लांच किया है। दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने पहले चरण का रूपे कार्ड पिछले साल अगस्त में लांच किया था। उस समय मोदी भूटान के दौरे पर गए थे। रूपे कार्ड को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान नियम ने विकसित किया है। मोदी ने कहा मुझे ये जानकर खुशी है कि भूटान में अब तक 11,000 सफल रूपे ट्रांजेक्शन हो चुके हैं। अगर कोरोना महामारी नहीं होती तो ये आंकड़ा इससे भी अधिक होता। उन्होंने कहा कि आज के बाद भूटान नेशनल बैंक द्वारा जारी किए गए रूपे कार्ड के कार्ड धारक भारत में एक लाख रुपए से अधिक एटीएम और 20 लाख रुपए से अधिक पॉइंट-ऑफ-सेल टर्मिनल की सुविधा उपयोग कर पाएंगे। लोटे शेरिंग ने पीएम मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि भूटान में वैक्सीन उपलब्ध कराने के लिए हम आपके और आपकी सरकार के आभारी हैं।




### वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुआ लांच

जानकारी के मुताबिक इस रूपे कार्ड को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए लांच किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में साझेदारी हो रही है। इसमें प्रमुख रूप से इसरो भूटान के सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है। दूसरी ओर भारत संचार निगम लिमिटेड भी भूटान में इंटरनेट की शुरुआत कर रहा है। यह देश के बाहर इरटछ का तीसरा इंटरनेट कारोबार होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऐसे संकट के समय में भूटान के साथ भारत मजबूती से खड़ा है। पड़ोसी देश की किसी भी जरूरत को प्राथमिकता में रखा जाएगा।

# सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पीटल कोविड वार्ड में आगजनी की घटना की उच्च स्तरीय पर जांच हो





**ग्वालियर।** उपरोक्त विशय में लेख है कि आज दिनांक 21 नबंबर को दोपहर 2 बजे सुपर स्पेषलिस्ट हॉस्पीटल के कोविड वार्ड में अचनाक आग लग गई। इस घटना में 2 मरीज गंभीर रूप से झुलस गये, जब इस घटना की जानकारी मुझे मिली तो मैं मौके पर पहूँचा। लगभग 1 घण्टे मैं अस्पताल में मौजूद रहा और साथ में कई मीडिया के बंधु भी मौजूद थे। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन के किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति ने मुझे स्थिति से अवगत कराना आवष्यक नहीं समझा। जो कि पूर्ण रूप से गलत है, मैं इसकी निंदा करता हूँ और आने वाले समय में इस तरह की लापरवाही और जनप्रतिनिधि की अनदेखी करना बर्दास्त नहीं की जायेगी। इस पत्र के माध्यम से मैं मांग करता हूँ कि सुपर स्पेषलिस्ट वार्ड अभी नया बनकर तैयार हुआ है। कुछ व्यवस्थाओं की षीघ्र जांच कराने की मांग करता हूँः-

1. जिस कम्पनी द्वारा लाईट फिंटिग की गई उसकी गुणवता की जांच कराई जाये क्योंकि अभी नया लाईट फिंटिग का कार्य हुआ है फिर भी इस मौसम में षॉट-सर्किट से आग लगना चिंता का विशय है। इस कार्य के दौरान घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जाना प्रतीत होता है।

2. जिस कम्पनी द्वारा फायर सिस्टम लगाया गया है, उस सिस्टम की जांच कराया जाना चाहिए। क्योंकि आग लगने के दौरान फायर सिस्टम को चालू किया गया, लेकिन वह चालू नहीं हुआ। इस कारण दो मरीज बुरी तरह झुलस गये। इससे प्रतीत होता है कि फायर सिस्टम भी घटिया स्तर का लगाया गया है। अगर इसे दुरस्त नहीं किया गया तो भविश्य में कोई बडी दुघर्टना घटित हो सकती है। इस घटना को लेकर मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने कई बार संबिधत डॉक्टरों से मोबाईल पर सम्पर्क किया गया मगर किसी ने भी मोबाईल नहीं उठाया। इस घोर लापरवाही के लिये संबधित डॉक्टरों के खिलाक कार्यवाही करना सुनिष्चित की जाये।

3. कोविड-19 से पीडित मरीज इस दौरान भर्ती होने के लिए अस्पताल पहुँचा उसे लगभग ढेड़ घण्टे के बाद जब भर्ती किया गया तब मेरे द्वारा अस्पताल अधीक्षक से बात की गई। इससे स्पश्ट है कि अस्पताल में कोविड-19 के आने वाले मरीजों को आसानी से भर्ती नहीं कराया जा रहा है। अतः आपसे आग्रह है कि कोविड-19 से पीडित मरीजों को तत्काल भर्ती कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

### गृह मंत्री द्वारा वार्ड क्रमांक 33 एवं 34 में सीसी रोड़

# सड़क एवं नाली निर्माण का किया शिलान्यास

**दतिया।** मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने वार्ड क्रमांक 33 में झांसी वायपास से श्री रामू प्रजापति के मकान एवं रोशन सेन वाली गली में सीसी रोड़ सड़क, नाली निर्माण एवं वार्ड क्रमांक 34 में झांसी हाईवे से शंकुतला अहिरवार के मकान तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण का शिलान्यास किया। जिनकी लागत क्रमशः 69.45 लाख एवं 64.86 लाख रूपये है। शिलान्यास के दौरान वार्ड निवासियों ने स्थानीय विधायक एवं गृहमंत्री का भव्य स्वागत किया। वार्ड क्रमांक 34 के कुशवाहा समाज के निवासियों ने भव्य माला से गृह मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि यह कार्य काफी समय पहले हो जाने चाहिए थे किन्तु परिस्थितियों के कारण यह कार्य नहीं हो पाए। लेकिन अब इन कार्यो में कोई कमी नहीं आएगी मैं आप लोगों से वादा करता हूं कि दतिया के विकास के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखूंगा किन्तु मुझे इसमें आप लोगों का भी भरपूर सहयोग चाहिए। यदि दतिया में विकास के संबंध में मुझे कोई सुझाव देता है निश्चित तौर पर मैं वह कार्य अवश्यक कराउंगा जिससे दतिया का विकास और बढ़ता जाए। इस अवसर पर श्री विपिन गोस्वामी एवं श्रीमती मीनक्षी कटारे ने दतिया विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्री सुभाष अग्रवाल, प्रशांत ढेंगुला, मुकेश यादव, सतीश यादव, जीतू कमरिया, अतुल भूरे चौधरी, अमित महाजन, दीपक सोनी, श्रीमती सेवंती भगत, हरीओम यादव, मान सिंह सहित अन्य गणमान्यजन व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




# जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक सम्पन्न

**अशोकनगर।** जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए गठित जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समूह की बैठक कलेक्टर श्री अभय वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक विधायक चंदेरी श्री गोपाल सिंह चौहान,पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया,अपर कलेक्टर डॉ अनुज रोहतगी,सांसद प्रतिनिधि श्री जयकुमार सिघ,पूर्व विधायक श्री गजराज सिंह यादव,श्री नीलम सिंह यादव, श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,श्री राव राजकुमार सिंह यादव,समाज सेवी श्री राजकुमार रघुवंशी तथा आपदा प्रबंधन समूह के सदस्य भी उपस्थित रहे। बैठक में कोरोना संक्रमण के प्रकरणों में आई बढ़ोत्तरी को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम के लिए नई रणनीति तैयार करने हेतु चर्चा की गई। कलेक्टर श्री अभय वर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के महत्वपूर्ण सुझावों पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव प्राप्त किए ।प्रस्ताव स्वीकृति हेतु राज्य शासन को प्रेषित किए जाएंगे।

### कोरोना से बचाव एवं रोकथाम हेतु लिये गए निर्णय

**विवाह एवं अन्य समारोह में अधिकतम 100 व्यक्ति हो सकेंगे शामिल**-बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि जिले में आयोजित होने वाले विवाह एवं अन्य समारोह में एक समय में अधिकतम 100 व्यक्ति शामिल हो सकेंगे। जिले के सभी मैरिज गार्डन एवं होटल जहां विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग के मानकों का पालन कराया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि उक्त नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित आयोजक एवं मैरिज गार्डन/होटल संचालक के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। सभी आयोजक तथा मैरिज गार्डन/होटल संचालक यह सुनिश्चित करेंगे कि समारोह के दौरान सभी व्यक्ति मास्क तथा सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।

**रात्रि 09 बजे से सुबह 06 बजे तक रहेगें बाजार बंद**-बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि रात्रि 09 बजे से सुबह 06 बजे तक बाजार पूरी तरह बंद रहेगा। साथ ही लघु उद्योग, मंडी,मेडिकल स्टोर,भोजनालय तथा रेस्?टोरेंट की दुकाने रात्रि 10 बजे तक खोले जाने संबंधी निर्णय लिया गया।

# जिला क्राईसेस मैनेजमेंट की बैठक में एमपीसीसीआई ने रखे अपने सुझाव

### बाजारों में बगैर मास्क के पकड़े जाने पर अधिकतम जुमाने की राशि केवल रु. 100/- निर्धारित की जाए : एमपीसीसीआई

**ग्वालियर।** सांसद-माननीय श्री विवेकनारायण शेजवलकर के सानिध्य में आज आयोजित जिला क्राईसेस मैनेजमेंट की बैठक में एमपीसीसीआई द्वारा जनहित व व्यवसाई हित में सुझाव प्रस्तुत किए गए । एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संरुक्त अध्रक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्रक्ष-पारस जैन, मानसेवी संरुक्त सचिव-श्री ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्रक्ष-श्री वसंत अग्रवाल ने बताया है कि आज जिला क्राईसेस मैनेजमेंट की ऑनलाईन आयोजित बैठक में, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल शामिल हुए । बैठक में मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने सुझाव प्रस्तुत करते हुए कहा कि चूंकि अब शादी-विवाह का सीजन अब प्रारम्भ होने जा रहा है । ऐसे समय में आमजनों एवं व्यवसाईयों को कोई असुविधा न हो, इस हेतु (1) बाजारों में बगैर मास्क के पकड़े जाने पर अधिकतम जुमाने की राशि केवल रु. 100/- निर्धारित की जाए । (2) कोरोना के नाम पर दुकानदारों को परेशान नहीं किया जाए । यदि किसी दुकान पर कोई ग्राहक बगैर मास्क के पाया जाता है, तो जुर्माने की राशि ग्राहक से ही वसूली जाए, न कि दुकानदार से । यदि कोई दुकानदार बगैर मास्क के पाया जाता है, तब ही उससे जुर्माने की राशि वसूल की जाए । (3) चूंकि अब वैवाहिक कार्यक्रम प्रारम्भ हो चुके हैं । इसलिए रात्रि के समय बारात को नहीं रोका जाए और ऐसे मैरिज गार्डन जो कि 20 हजार स्क्वार फीट से कम हैं, उनमें अधिकतम 300 लोगों के शामिल होने तथा ऐसे मैरिज गार्डन जो कि 20 हजार स्क्वार फीट से अधिक हैं, उनमें अधिकम 500 लोगों के शामिल होने की सीमा निर्धारित की जाए । (4) चूंकि हिन्दू समाज में रात्रि के समय में ही जयमाला एवं फैरे आदि की रस्में होती हैं और इनमें सामान्यतः परिवार के लोग ही शामिल होते हैं । इसलिए रात्रि के समय वैवाहिक स्थलों पर 100 लोगों के रहने की छूट प्रदान की जाए और यदि प्रशासन चाहे, तो इस संबंध में संबंधित से इसका शपथ-पत्र भी लिया जा सकता है । डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने जिला क्राईसेस मैनेजमेंट की बैठक में उपरोक्त बिन्दुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर, निर्णय लेने की माँग की है, ताकि जिले में व्यवसाईयों सहित ऐसे आम नागरिक, जिनके यहाँ वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहे हैं, उन्हें राहत मिल सके ।

## नवजात शिशु सप्ताह का आयोजन 23 से 29 नवम्बर तक'

शिवपुरी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का आयोजन 23 से 29 नवम्बर 2020 तक किया जायेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं एवं समुदाय स्तर पर नवजात शिशु की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार समानता और गरिमा सुनिश्चित करना है, जिससे नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। सप्ताह के अंतर्गत समुदाय स्तर पर आशा कार्यकर्ता द्वारा गांव के समस्त नवजात शिशुओं के वजन, तापमान, सांस की गिनती की जायेगी एवं माताओं को स्तनपान, टीकाकरण, साफ सफाई, खतरे के आम चिन्ह तथा कंगारू मदर केयर के संबंध में सलाह दी जायेगी। इस सप्ताह के दौरान आने वाले मंगल दिवस पर 24 एवं 27 नवम्बर 2020 को विशेष गतिविधियों का आयोजन कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुये किया जाएगा, जिसमें समस्त धात्री माताओं की बैठक ली जाकर उन्हें नवजात सुरक्षा, खतरे के चिन्हों एवं संस्था आधारित नवजात देखभाल के बारे में जानकारी प्रदाय की जाएगी।

# कैटः खाद्य व्यापारियों की बैठक 23 नवम्बर सोमवार को

### विजय जाजू कैट के नया बाजार के बाजार संयोजक बने, अंकुर अग्रवाल सह-संयोजक बनाये गये

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेशभर में ''मिलावट से मुक्ति'' अभियान के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही के संदर्भ में जागरूकता पैदा करने एवं सही व्यापारियों को प्रताडित न करने व कानून का प्रशासनिक स्तर पर पालन करने के उद्धेश्य से खाद्य व्यापारियों की बैठक 23 नवम्बर सोमवार को सांय 4 बजे सदाब्रत की बगीची, दाल बाजार में रखी गई है। कैट दालबाजार के बाजार संयोजक दिलीप पंजबानी, उपाध्यक्ष विवेक जैन, कोर टीम सदस्य समीर अग्रवाल ने बताया कि कैट ने मिलावट से मुक्ति अभियान का समर्थन किया है और मध्यप्रदेश के सात करोड से भी अधिक नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिये जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। 23 नवम्बर को खाद्य व्यापारियों की बैठक आयोजित कर उन्हें यह समझाइश दी जायेगी कि हमें मानकों का पालन करना चाहिये साथ ही इस अभियान की आड में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कानून के विरूद्ध जाकर जो कार्यवाही की जा रही है और कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा व्यापारियों को प्रताडित किया जा रहा है उसकी भी पूरी रूपरेखा बनाकर जिला मजिस्ट्रेट के साथ मीटिंग कर उन्हें अवगत कराया जायेगा।



विजय जाजू कैट नयाबाजार के बाजार संयोजक बने अंकुर अग्रवाल सह-सयोजक बनाये गये। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिला कार्यालय दाल बाजार में बैठक आयोजित कर नया बाजार के बाजार संयोजक के रूप में नया बाजार एसोसियेशन के सचिव विजय जाजू को बनाया गया है। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि अंकुर अग्रवाल को सह-संयोजक बनाया गया है। इस अवसर पर कैट जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता ने दोनों का तिलक कर सम्मानित किया एवं महामंत्री मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष जे.सी गोयल ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि कैट के द्वारा प्रत्येक बाजार में बाजार संयोजक बनाये जा रहे हैं जिससे उस क्षेत्र के छोटे मझले कारोबारियों को किसी प्रकार की समस्या न हो और इसके लिये वह सतत कार्य करेगा। विजय जाजू एवं अंकुर अग्रवाल को उपस्थित पदाधिकारी ललित नागपाल, क्रान्ति मिलन्द, गोपाल जयसवाल, नरेन्द्र मांडिल, पंकज गोयल आदि ने शुभकामनाऐं दी।

# ईकोग्रीन पावर प्लांट लगाने की शर्त से मुकरी, कचरा निपटान बना समस्या

**ग्वालियर।** ईको ग्रीन कंपनी को लेकर उपजा विवाद अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कारण ग्वालियर में लगे कचरे के ढेर समस्या पैदा कर रहे हैं। हालांकि नगर निगम प्रशासन ने अपने प्रबंधन से साफ-सफाई व कचरा उठवाने की व्यवस्था ठीक कर ली है और शहरवासी शनैं-शनैं गंदगी व कचरे के ढेर से मुक्ति भी पा चुके हैं। अब नगर निगम प्रशासन ने ईको ग्रीन कंपनी को पुनः कचरा प्रबंधन व निपटान के लिये मौका भी दिया है, लेकिन ईको ग्रीन कंपनी कचरे को लेकर अब निगम प्रशासन को ही ब्लैकमेल कर रही है। नगर निगम ने दीपावली के पूर्व अचानक भागी ईको ग्रीन कंपनी के बाद कचरे को लेकर अपनी व्यवस्थायें पटरी पर ला दी है। लगभग प्रतिदिन शहर से निकलने वाले 500 टन से भी अधिक कचरे को लेकर कचरा साइट पर उसका एकत्रिकरण भी करवाना शुरू कर दिया है। लेकिन कचरे का विभिन्न माध्यमों में उपयोग व निपटान कैसे हो यह अभी एक समस्या है। निगम प्रशासन आशीष सक्सैना व निगम कमिश्रर संदीप माकिन ने कचरे को लेकर अचानक खडी हुई समस्या से शहर को निजात तो दिला दी है। विभिन्न गली मौहल्लों व वार्डों में साफ-सफाई के बाद कचरा एकत्र कर उसे लैंडफिल साइट पर पहुंचाया भी जा रहा है। हालांकि अब प्रशासक आशीष सक्सैना चाहते हैं कि ईको ग्रीन कंपनी को एक मौका और दिया जाये। विशेष बात यह है कि ईको ग्रीन कंपनी के अडियल रवैये के कारण निगम आयुक्त संदीप माकिन दो बार उसे रिजेक्ट कर चुके हैं, वहीं शासन स्तर पर भी ईको ग्रीन को फिलहाल कोई मौका न दिये जाने की बात नगरीय प्रशासन आयुक्त भी कह चुके हैं। लेकिन अब ईको ग्रीन कंपनी फिर भी कचरा प्रबंधन का काम लेकर मनमानी शुल्क निगम से वसूलना चाहती है। उसने इसके लिये 40 प्रतिशत तक अपनी शुल्क मांग बढा दी है। वहीं ईको ग्रीन कंपनी अब नगर निगम से हुये अपने एग्रीमेंट से भी मुकर रही है। एग्रीमेंट के मुताबिक ईको ग्रीन कंपनी को कचरे से पावर प्लांट भी ग्वालियर में डालना था, जिससे कचरे का निपटान हो और उर्जा स्रोत भी ग्वालियर में डव्लप हो। लेकिन ईको ग्रीन कंपनी ने अब पावर प्लांट डालने से स्पष्ट इंकार कर दिया है। वह बिना पावर प्लांट डाले ही कचरा प्रबंधन का काम कर निगम पर भारी वित्तीय भार डालना चाहती है। निगम सूत्रों का यह भी कहना है कि ईको ग्रीन कंपनी अब नगर निगम को ही अपनी शर्तो पर झुकाना चाहती है। ईको ग्रीन कंपनी के इस रवैये से निगम अधिकारी भी हतप्रभ हैं। उन्होंने शासन को फिर अपनी सारी रिपोर्ट पेश कर दी है। अब ऐसी भी संभावना है कि ईको ग्रीन का काम किसी अन्य कंपनी को दिया जा सकता है।





# बीएसएफ अकादमी में 55 वां स्थापना दिवस मनाया

**ग्वालियर / टेकनपुर।** सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर ने अपना 55 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। आयोजन में कोविड-19 के निर्देशित दिशा निर्देशों का पालन किया गया। इस मौके पर आईजी एवं संयुक्त निदेशक अकादमी रामअवतार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्यअतिथि आईजी रामअवतार ने सबसे पहले अजेय प्रहरी शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर गार्ड प्रांगण में स्पेशल गार्ड द्वारा दी गई सलामी ली और मिष्ठान अर्पित किये। उल्लेखनीय है कि बीएसएफ अकादमी की स्थापना टेनिंग सेंटर एंड स्कूल नाम से एक फरवरी 1966 को हुई थी। 21 नवंबर को इसका नाम बदलकर सीमा सुरक्षा बल अकादमी रखा गया। ब्रिगेडियर बीसी पांडे पदमश्री अकादमी प्रथम अकादमी प्रमुख थे। ज्ञातव्य है कि सीमा सुरक्षा बल के संस्थापक एवं प्रथम महानिदेशक इंडियन पुलिस कैडर के के एफ रूस्तमजी के प्रयासों से भारत सरकार से सीमा सुरक्षा बल को प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने के लिये चुना गया था। शुरूआत में 25 बटालियनों की जनशक्ति वाले इस बल के अधिकारियों और उपनिरीक्षकों को बुनियादी एवं इन सर्विस कोर्स के प्रशिक्षण के लिये इसकी स्थापना हुई थी। वर्तमान में भारतीय पुलिस सेवा के अपर महानिदेशक ,सीमा सुरक्षा बल अकादमी के निदेशक एल मोहन्ती कार्यरत हैं। अकादमी के संयुक्त निदेशक राम अवतार ने अकादमी के 55 वें स्थापना दिवस पर सभी कार्मिकों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दी है।

## गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र आज विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे

**दतिया।** मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र आज 22 नवम्बर 2020 को विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र 22 नवम्बर 2020 को प्रातः 9 बजे डबरा से दतिया के लिए प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे दतिया निवास पर पहुंचेगे और आमजन से भेंट करेंगे। प्रातः 10 बजे बुन्देला कॉलोनी में सीसी रोड़ के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रातः 11 बजे आप झलकारी बाई सामुदायिक भवन बायपास मार्ग दतिया में झलकारी बाई जयंती के कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 12.30 बजे आप निवास पर पहुंचेगे (आरक्षित) रहेगा। अपरान्ह 3 बजे अपर टीटी नगर मार्ग सिजरिया की बगिया में स्थित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। अपरान्ह 3.30 बजे आप दतिया से डबरा के लिए प्रस्थान कर सायं 4 बजे डबरा पहुंचेगे। सायं 6 बजे आप लक्ष्मी नारायण मंदिर डबरा में आयोजित सामाजिक अन्नकूट कार्यक्रम में भाग लेंगे। सायं 7 बजे आप निवास पहुंचेगे। रात्रि 10.30 बजे डबरा से ग्वालियर के लिए प्रस्थान कर रात्रि 11.30 बजे ग्वालियर पहुंचेगे और जीटी एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO Approved INTEGRATED AIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
www.w2track.com

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm. (Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज 12×5 - 2000 रु
निःशुल्क बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निग्र हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478